दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 263
कोटद्वार रविवार
29 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## भारत केवल एक भू-भाग नहीं बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और संभावनाओं की एक अभिव्यक्ति है: पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के भीलवाड़ा में मलसेरी डूंगरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम नरेंद्र मोदी राज्य के लोक देवता भगवान देवनारायण की 1111वीं जयंती के लिए जिले के आसींद में पहुंचे हैं। पीएम मोदी भीलवाड़ा में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।

भीलवाड़ा में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, भगवान देवनारायण और जनता जनार्दन, दोनों के दर्शन करके मैं धन्य हो गया हूं। देशभर से यहां पधारे सभी श्रद्धालुओं की भांति मैं भगवान देवनारायण से अनवरत राष्ट्रसेवा के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं।

उन्होंने कहा, भारत के हम लोग, हजारों साल पुराने अपने इतिहास अपनी सभ्यता पर गर्व करते हैं। भारत को भौगोलिक, सांसतिक और सामाजिक रूप से तोड़ने के बहुत प्रयास हुए लेकिन भारत को कोई भी ताकत समाप्त नहीं कर पाई।

उन्होंने आगे कहा, भारत केवल एक भू-भाग नहीं है बल्कि हमारी सभ्यता, संसति और संभावनाओं की एक अभिव्यक्ति है। आज भारत अपने भविष्य की नींव रख रहा है इसके पीटे जो सबसे बड़ी प्रेरणा है.. वो प्रेरणाशक्ति हमारे समाज की शक्ति है, जन-जन की शक्ति है।



पीएम मोदी ने कहा, श्री देवनारायण जी भगवान ने समाज में समरसता के भाव को फैलाया, समाज को एकजुट किया, एक आदर्श व्यवस्था कायम करने की दिशा में काम किया। यही कारण है कि समाज के हर वर्ग में उनके प्रति श्रद्धा और आस्था है। इसलिए भगवान देवनारायण लोकजीवन में परिवार के मुखिया की तरह हैं। उन्होंने हमेशा सेवा और जन कल्याण को सर्वोच्चता दी।

पीएम ने कहा, बीते 8-9 वर्षों से देश समाज के हर उस वर्ग को सशक्त करने का प्रयास कर रहा है, जो उपेक्षित रहा है, वंचित रहा है। भगवान देवनारायण ने जो रास्ता दिखाया है, वो सबके साथ से सबके विकास का है। आज देश इसी रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने आगे कहा, पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैंने लाल किले से पंच प्राणों पर चलने का आग्रह किया था। उद्देश्य यही है कि हम सभी अपनी विरासत पर गर्व करें, गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलें और देश के लिए अपने कर्तव्यों को याद रखें।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि किसान को आज हर संभव मदद मिल रही है। छोटा किसान कभी सरकार की मदद के लिए तरसता था उसे भी पहली बार च्ड किसान सम्मान निधि से सीधी मदद मिल रही है। भगवान देवनारायण ने गौसेवा को समाज सेवा और सशक्तिकरण का माध्यम बनाया था। बीते कुछ वर्षों से देश में गौसेवा का भाव निरंतर सशक्त हुआ है।

पीएम ने कहा, राजस्थान धरोहरों की धरती है.. यहां सृजन है, उत्साह और उत्सव है, परिश्रम और परोपकार है..शौर्य यहां घर-घर का संस्कार है। रग और राग राजस्थान के पर्याय हैं। इतना ही महत्व यहां के जन-जन के संघर्ष और संयम का भी है। ये प्रेरणा स्थली भारत के अनेक गौरवशाली पलों की साक्षी रही है। यहां के महापुरुषों, जननायकों, लोकदेवताओं और समाज सुधारकों ने हमेशा ही देश को रास्ता दिखाया है।पीएम ने कहा,आज का भारत.. नया भारत बीते दशकों में हुई भूलों को सुधार रहा है। भारत के विकास में जिसका भी योगदान रहा है, उनको सामने लाया जा रहा है। पूरी दुनिया भारत की ओर बहुत उमीदों से देख रही है। आज भारत डंके की चोट पर अपनी बात कह रहा है, भारत दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता को कम कर रहा है। ऐसी हर बात जो हम देशवासियों की एकता के खिलाफ है.. उस से हमें दूर रहना है।

उन्होंने कहा, हम कड़ा परिश्रम करेंगे, सब मिल कर करेंगे और सबके प्रयास से सिद्धि प्राप्त हो कर ही रहेगी। मैं समाज का बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे एक भक्त की तरह यहां बुलाया। समाज की शक्ति और समाज की भक्ति ने मुझे प्रेरित किया और मैं आज यहां पहुंच गया।

## जोशीमठ आपदा से होटल, होम-स्टे कारोबार हाशिये पर, 75 फीसदी बुकिंग हुई रद्द, ऐसे हैं हालात

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में मसूरी के बाद जोशीमठ ही ऐसा नगर है जहां बारामाह पर्यटक पहुंचता है। पर्यटकों की आवाजाही से यहां प्रतिवर्ष 60 से 70 करोड़ का कारोबार होता है जिसमें 30 करोड़ से अधिक होटल व होम स्टे व्यवसाय का शामिल है। भू-धंसाव से प्रभावित होने के कारण कारोबार हाशिए पर सिमटकर रह गया है। होटल, होम स्टे में इस वर्ष 2 जनवरी तक मिली 75 फीसदी तक बुकिंग रद्द हो चुकी है। संचालकों ने अपने स्टफ में भी कटौती कर दी है। जोशीमठ में 68 होटल और 101 होम स्टे संचालित हो रहे हैं जो होटल एसोसिएशन के अंतर्गत पंजीत हैं। इन होटलध्होम स्टे में बीते वर्ष तक बारामाह बुकिंग रहती थी। कोरोनाकाल के बाद बीते दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 तक सिर्फ एक माह में ही यहां 40 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ। बीते 2 जनवरी तक इन होटल, होम स्टे को 75 फीसदी बुकिंग मिल चुकी थीं लेकिन भू-धंसाव से बिगड़े हालातों ने कारोबार को हाशिए पर रख दिया। होटल व्यवसायी सूरज कपरूवाण, राजेंद्र सिंह राणा, हरीश भंडारी ने बताया कि बीते वर्ष 25 दिसंबर 2022 से 2 जनवरी 2023 तक पूरे सीजन की बुकिंग मिल गईं थी लेकिन सब रद्द हो चुकी है। होटल, होम स्टे से लेकर रेस्टोरेंट में बीते 15 दिनों में सब्जी, फल, राशन, दूध, दही, मक्खन, मांस, अंडा, मिठाई, कोल्ड ड्रिंक, फास्ट फूड सामग्री की 45 से 60 फीसदी मांग कम हो चुकी है। होटल व्यवसायी सुभाष डिमरी बताते हैं कि पर्यटकों के नहीं आने से सामग्री की खपत कम हो गई है। गांवों से दूध की खरीद भी कम हो गई है। होटल एवं होम स्टे कारोबार शत-प्रतिशत प्रभावित हुआ है। पर्यटकों की जो अनलाइन व अफलाइन बुकिंग मिली थीं वह सब रद्द हो चुकी है। बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद औली में पर्यटकों का पहुंचना शुरू हुआ है।

## अस्पताल मार्ग पर जाम में फंसी एंबुलेंस

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल के सामने दुकान लगाने तथा वाहनों के पार्क होने से एंबुलेंस जैसी सेवा प्रभावित हो रही है। जाम में कई देर तक एंबुलेंस फंसी रही। बाद में किसी तरह उसे वहां से निकाला और वह मरीज लेने के लिए रवाना हुई।

## मुख्यमंत्री योगी का बड़ा बयान, बोले- हमारा सनातन धर्म ही राष्ट्रीय धर्म

**जालोर (एजेंसी)।** राजस्थान के जालोर पहुंचे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक बयान ने बवाल मचा दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सनातन धर्म देश का राष्ट्रीय धर्म है। उन्होंने कहा कि जरुरत है कि हम व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर एकजुट हों, जिससे देश सुरक्षित हो।

## पंजाब-हरियाणा समेत कई राज्यों में अगले 2 दिन होगी बारिश, आईएमडी का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में इन दिनों तेज हवाएं चलने और बारिश का सिलसिला अभी जारी है। मौसम विभाग के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते अगले दो दिनों तक उत्तर भारतीय राज्यों में बारिश की संभावना बनी हुई है। 27 जनवरी को राजधानी दिल्ली में न्यूनतम 9 और अधिकतम 21 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे अधिक तापमान बताया जा रहा है।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव में उत्तर-पश्चिम राज्यों में बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। 29-30 जनवरी के बीच पश्चिम हिमालयी राज्यों द पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में बारिश होने की संभावना है। 28 और 29 जनवरी को राजस्थान में और 29 जनवरी को दिल्ली में भी इसी तरह की मौसम की स्थिति रहने वाली है। वहीं, दिल्ली में आज भी तेज हवाएं चलेंगी और साथ ही धूप निकलने की भी संभावना है। उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी बारिश होने की उम्मीद है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की उम्मीद की जा रही है। इस कारण इन इलाकों के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। उत्तर पश्चिमी राज्य पंजाब और हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर की स्थिति जस की तस बनी रहेगी। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग इलाकों में सुबह और रात के समय लोगों को घने कोहरे छाए रहने की संभावना है।

## बाटला हाउस एनकाउंटर मामले के आरोपी आतंकवादी की एम्स में मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2008 के बाटला हाउस एनकाउंटर मामले में दिल्ली की अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए और आजीवन कारावास की सजा काट रहे इंडियन मुजाहिदीन के आतंकवादी शहजाद अहमद उर्फ पप्पू (33) की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। अग्नाशय (पैंक्रियास) में सूजन होने पर एम्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अहमद उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहने वाला था। 6 फरवरी, 2010 को उसे बाटला हाउस एनकाउंटर मामले में तिहाड़ जेल में रखा गया था। बाद में उसे सात जुलाई 2022 को मंडोली की केंद्रीय जेल संख्या 15 में स्थानांतरित कर दिया गया।

बाटला हाउस एनकाउंटर के अलावा वह छह अन्य मामलों में भी मुकदमे का सामना कर रहा था।

## सीएम अरविंद केजरीवाल ने दो परियोजनाओं की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आने वाले महीनों में शहर के लिए बुनियादी ढांचे से संबंधित दो परियोजनाओं की घोषणा की है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र के तहत 1,400 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण और लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए ई-स्कूटर शामिल हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हम शहर की सड़कों को खूबसूरत बनाना चाहते थे। मैं पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं और कई पायलट प्रोजेक्ट करवाए हैं। अब यह प्रोजेक्ट जोरों पर नजर आ रहा है। इसके बाद, दिल्ली की कुल 1400 किलोमीटर (45 फीट चौड़ी पीडब्ल्यूडी) सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। इन सड़कों पर सभी फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज और टूटे मैनहोल की मरम्मत की जाएगी।

इस परियोजना के लिए 20 मार्च तक कायार्देश पूरा कर लिया जाएगा और यह 1 अप्रैल से शुरू हो सकता है। सड़कों के मध्य किनारों के साथ-साथ सड़कों के किनारे खाली जगहों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार भी ई-स्कूटर पेश करने की योजना बना रही है।

सीएम केजरीवाल ने यह भी कहा कि लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट द्वारका में लन्च किया जाएगा। हमने बहुत सारी बसें खरीदी हैं लेकिन लास्ट-माइल कनेक्टिविटी एक बड़ा मुद्दा है। हम लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए ई-स्कूटर ला रहे हैं।

## महिलाओं को सशक्त बनाने से रखी जाएगी विकसित समाज की नींव : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उत्तराखंड राज्य में महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किये जाने पर भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा, विभिन्न सामाजिक संगठन, बड़ी संख्या में मौजूद छात्राओं ने मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कोई राज्य एवं समाज तभी विकसित हो सकता है, जब हमारी मातृशक्ति सशक्त हो। राज्य में महिलाओं को नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को बरकरार रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये गये। विधानसभा से राज्य की महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का विधेयक पास किया गया। जिस पर माननीय राज्यपाल से भी मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। आज महिलाएं शिक्षा, खेल सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार तेजी से आगे रही हैं। राज्य के निर्माण में महिलाओं का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। एक विकसित समाज की नींव महिलाओं को सशक्त बनाने से ही रखी जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में महिला सशक्तीकरण के साथ ही युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कारवाई की जा रही है। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा हाल ही में हुई पटवारी भर्ती में गड़बड़ी पाए जाने पर उसे निरस्त कर पुनः परीक्षा की तिथि तय की गई है। इस परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों से परीक्षा के दिन प्रवेश पत्र दिखाने पर उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और पोषण अभियान जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार ने तीलू रौतेली पुरस्कार योजना व नंदा गौरा योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन धनराशि में भी बढ़ोत्तरी की है। आज जल, थल और नभ तक महिलाएं भारत का नाम रोशन कर रही हैं।

प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा श्रीमती आशा नौटियाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में महिलाओं का मान सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। कहा कि पंचायतों से लेकर नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। आज महिलाएं पंचायत स्तर पर अपने गांव को सशक्त करने का कार्य कर रही है। उत्तराखंड राज्य के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका रही उसी प्रकार आज राज्य के विकास में महिलाएं अपना योगदान दे रही हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो सुश्री नेहा जोशी, महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती गीता रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा नेहा शर्मा, श्रीमती रुचि भट्ट, श्रीमती कमली भट्ट, श्रीमती गीता चमोली, श्रीमती सरला खंडूड़ी, श्रीमती विमला नौटियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## मंत्री सतपाल महाराज ने की चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर लोनिवि की समीक्षा बैठक

**देहरादून।** चारधाम यात्रा को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारियों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां-जहां भी सड़क धंस रही है और भूस्खलन की शिकायत मिल रही है उसकी रोकथाम के साथ-साथ पल-पल की रिपोर्ट सरकार को दी जाए।

उक्त बात प्रदेश के लोक निर्माण, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, जलागम, धर्मस्व एवं संसति मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना कलोनी स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और वर्चुअल जुड़े जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा सुचारू एवं निर्बाध रूप से प्रारंभ होने से पूर्व समय से सभी तैयारियां कर ली जाएं।



समीक्षा बैठक के दौरान लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को पर्वतीय जनपदों में सड़कों के अवरुद्ध होने तथा उनके बेहतर रखरखाव के लिए बेलदारों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उनकी तत्काल नियुक्ति की जाए और विभाग में रिक्त चल रहे पदों को तत्काल भरा जाए।

श्री महाराज ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मार्ग और पुलों के पुनर्निर्माण का कार्य शीघ्रता से किया जाना चाहिए। बैठक में जोशीमठ मैं हुए भू-धसाव, मारवाडी और हेलंग बाईपास के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा पर जितने भी बाईपास है उन्हें भी पूरी तरीके से दुरुस्त कर लिया जाए।

लोनिवि मंत्री महाराज ने मार्गों के नवनिर्माण में विस्फोटक इत्यादि का प्रयोग न करते हुए नवीनतम तकनीक का प्रयोग करने की भी अधिकारियों को सलाह दी। उन्होने पीएमजीएसवाई से लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित मार्गों के अनुरक्षण के लिए तत्काल धनराशि आवंटित कर प्राथमिकता के आधार पर अनुरक्षण कार्य किये जाने के भी आदेश दिए।

श्री महाराज ने मार्गों को गढ्ढामुक्त बनाये जाने एवं त्वरित गति से अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु गुजरात राज्य की तर्ज पर मोबाइल एप बनाये जाने की सम्भावनायें तलाशे जाने हेतु भी सलाह दी गयी।बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, अपर सचिव विनीत कुमार, प्रमुख अभियंता अयाज अहमद,

मुख्य अभियन्ताओं, अधिशासी अभियन्ताओं सहित अपर सचिव, आपदा एवं समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, विभागीय अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

## राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का बदला नाम, अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति भवन में स्थित मुगल गार्डन का नाम बदल दिया गया है। मीडिया में आई जानकारी के अनुसार, अब मुगल गार्डन को अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने अमृत महोत्सव के तहत गार्डन का नाम बदला है। बता दें कि इस गार्डन में तरह-तरह के फूल होते हैं। राष्ट्रपति के उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने कहा, स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर श्आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारत के राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के बगीचों को अमृत उद्यान के रूप में एक सामान्य नाम दिया है। अमृत उद्यान का उद्घाटन 29 जनवरी रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा और 31 जनवरी से 26 मार्च तक दो महीने के लिए जनता के लिए खुला रहेगा। आमतौर पर, उद्यान एक महीने के लिए जनता के दर्शन के लिए खुला रहता है। फरवरी से मार्च जब फूल पूरी तरह खिल चुके होते हैं। नविका गुप्ता ने कहा कि दो महीने की खिड़की के अलावा जो जनता के देखने के लिए उपलब्ध कराई गई है।

## गृह मंत्री अमित शाह ने दोषसिद्धि के लिए फारेंसिक जांच पर दिया जोर

### कानून व्यवस्था में सुधार के लिए बताई जरूरत

**धारवाड़ (कर्नाटक), एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को देश में कानून व्यवस्था की स्थिति को ठीक करने के लिए सजा दर बढ़ाने और फरेंसिक विज्ञान आधारित जांच के साथ आपराधिक न्याय प्रणाली को एकीत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि देश फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में पांच वर्षों में सबसे बड़ी संख्या में फोरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञ होंगे।

अमित शाह ने कहा कि अगर पुलिस को अपराधियों से दो कदम आगे रहना है तो दोष सिद्धी दर को बढ़ाना होगा, इसमें छ्थ्ै- वैज्ञानिक तकनीक के प्रयोग से मदद कर सकता है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि जब तक इन्वेस्टिगेशन का आधार साइंटिफिक और फरेंसिक साइंस के आधार पर ना हो, कोर्ट में अपराधी को सजा नहीं दिलाई जा सकती। इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि 6 साल और इससे ज्यादा जिस भी अपराध में सजा है, उन सभी क्राइम सीन पर सबसे पहले फरेंसिक साइंस के अफिसर पहुंचे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली के बाद कर्नाटक दूसरा राज्य है, जिसने अर्बन एरिया में 6 साल से ज्यादा सजा वाले सभी अपराधों में फरेंसिक साइंस एक्सपर्ट की विजिट को अनिवार्य कर दिया है। शाह ने कहा कि जब भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है तो हमारी चुनौतियां भी बढ़ी हैं और हमें ये समझना होगा कि इन चुनौतियों के अनुरूप हमें हमारे एक्सपर्ट भी तैयार करने होंगे। अमित शाह ने कहा कि कानून और व्यवस्था के तीन हिस्से हैं: पहला- प्रैक्टिकल ल एंड अर्डर, जो पुलिस का काम है। दूसरा- क्राइम इन्वेस्टिगेशन, जिसमें फरेंसिक साइंस का बहुत बड़ा रोल है और तीसरा- क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को मजबूत करना। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही एविडेंस एक्ट में संशोधन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट को संशोधित करके इन्हें वैज्ञानिक आधार पर सजा दिलाने की यंत्रणा के लिए और पुख्ता करेंगे, जिससे फरेंसिक साइंस के जितने भी अब्जर्वेशन है वह क्रिमिनल को सजा दिला सकें।

# सड़क सुधारीकरण की मांग को लेकर लोनिवि दफ्तर में किया प्रदर्शन



नई टिहरी : अपर केमर विकास संघर्ष समिति से जुड़े लोगों ने जिपंस नरेंद्र रावत के नेतृत्व में अपर केमर पट्टी की विभिन्न सड़कों के सुधारीकरण और निर्माण को लेकर लोनिवि घनसाली के दफ्तर में प्रदर्शन कर ईई को ज्ञापन सौंपा। अपर केमर विकास संघर्ष समिति से जुड़े लोगों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विभिन्न मोटर मार्गो का नव निर्माण और सुधारीकरण की मांग करते हुये लोनिवि दफ्तर के बाहर धरना भी दिया। शनिवार को अपर केमर पट्टी की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण और नव निर्माण की मांग को लेकर अपर केमर विकास संघर्ष समिति से जुड़े लोगों ने चमियाला, श्रीकोट, छमसाणी देवी मंदिर सड़क, नौली केमर मोटर मार्ग का नव निर्माण के साथ सेंदुल-पटुड़गांव मोटर मार्ग का डामरीकरण की मांग की। क्षेपंस शंकर लाल ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय मोटर मार्गों का निर्माण और डामरीकरण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन विभाग उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र रावत ने कहा कि उक्त मोटर मार्गों के निर्माण और सुधारीकरण के बारे में लोनिवि घनसाली को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन सड़कों का सुधारीकरण नहीं हो पाया, जिसके कारण लोगों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा। उन्होंने कहा जल्द उनकी मांगों पर उचित कार्यवाही नहीं होती है,

## उत्तराखंड में हो रहे पलायन के दर्द को बयां किया

ऋषिकेश। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास में उत्तराखंड के 22 वर्ष, भविष्य एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। जिसमें वक्ताओं ने उत्तराखंड में हो रहे पलायन के दर्द को बताया। उन्होंने अपनी संस्कृति संरक्षण पर जोर दिया। शनिवार को पावन चिन्तन धारा आश्रम व स्वदेशी जागरण मंच उत्तरांचल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आध्यात्मिक गुरु डॉ. पवन सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन कालीन गुफाएं उत्तराखंड में हैं, लेकिन लोगों को इसकी जानकारी तक नहीं है। अंग्रेजों ने यहां की संस्कृति, जड़ी–बूटियों और प्राकृतिक स्थलों को नष्ट करने का प्रयत्न किया। आज हम लोग पलायन कर अपने घरों, स्थानों को छोड़ रहे है। आवश्यकता है तो हम सबको अपने प्राचीन घरों में पुनः विस्थापित होने की।

# बैठक में बिना तैयारी के आने वाले अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा : सजवाण

नई टिहरी : जिला पंचायत की त्रैमासिक बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने कहा कि अकसर देखा जा रहा है कि अधिकारी बिना तैयारी के बैठकों में आ रहे हैं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं पर समय से कार्यवाही नहीं हो रही है। सदन की अगली बैठकों में यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बिना तैयारी के आने वाले अधिकारियों को सदन से बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा। बैठक में पहले सत्र में विभिन्न समितियों की बैठक कर चर्चा की गई। विगत बैठक की कार्यवाही व परिपालन आख्या के बाद विभागवार परिचर्चा शुरू की गई। उरेडा विभाग की परिचर्चा के दौरान दर्जन भर से अधिक जिला पंचातय सदस्यों ने आरोप लगाया कि बीते साढ़े तीन सालों में उरेडा विभाग ने अभी तक जिला पंचायत क्षेत्रों में न तो सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाई हैं, नहीं मरम्मत की है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोष व्याप्त है। उरेडा के अधिकारियों को जब भी इस बारे में पुछा जाता है, तो उनका एक ही जबाब होता है कि टेंडर प्रक्रिया जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के नाम पर जारी धनराशि को लेकर स्पष्ट स्थिति न होने पर जिला पंचायत सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। ऊर्जा निगम की चर्चा पर जिला पंचातय रेखा असवाल ने ईई ऊर्जा निगम अर्जुन प्रताप के फोन न उठाने पर रोष जाहिर किया। उन्होंने अवगत कराया कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ऊर्जा निगम के ईई लगातार लापरवाह बने हुये हैं। कई तोकों में विद्युतीकरण नहीं है। उनके लिए न तो प्रस्ताव बनाये जा रहे हैं, नहीं ही कार्यवाही की जा रही है। ऊर्जा निगम के ठेकेदार के अधीन काम करने वालो वर्करों का भुगतान में लापरवाही का आरोप पर भी ईई पर लगाते हुए कहा कि ईई के ध्यान न देने के कारण वर्कर लगातार परेशान हैं। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने ईई ऊर्जा निगम को चेतावनी देते हुए कहा कि विभागीय क्षेत्र समस्याओं को लेकर पूरी जानकारी के साथ बैठक में आयें। बंस्यूल के जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत ने सदन में केंद्र सरकार से पंचायतों के 15वें वित्त की धनराशि जारी करने की मांग की। थौलधार विकासखंड के सड़कों के निर्माण के शासनादेश जारी करने का भी अनुरोध किया। थौलधार कोसल के कस्तुरंबा गांधी बालिका विद्यालय में सोलर लाईट वाटर गीजर लगवाने की मांग की। आशा रावत ने सकलाना के कुंड में विद्युतीकरण की मांग की।

# बल्लूपुर–पांवटा फोरलेन मार्ग पर विवादित भूमि का कब्जा हटाया

विकासनगर। बल्लूपुर–प्रेमनगर–पांवटा फोरलेन मार्ग के निर्माण में आ रही विवादित जमीन से प्रशासन ने अवैध कब्जा हटा दिया है। अब मार्ग निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया है। विवादित जमीन पर बने चाहरदीवारी और अन्य निर्माण कार्यों का तहसील प्रशासन की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्त किया। जिसके बाद विवादित पांच किमी क्षेत्र का तहसील प्रशासन ने एनएच को कब्जा सौंप दिया है।

बल्लूपुर–प्रेमनगर–पांवटा तक मार्ग को फोरलेन बनाया जाना है। जिसके लिए तहसील प्रशासन जमीनों का अधिग्रहण पहले ही कर चुका है। लोगों का मुआवजा बांटा जा रहा है। फोरलेन निर्माण के लिए अस्सी प्रतिशत जमीन का कब्जा एनएच को सौंपे जाने के बाद ही एनएच मार्ग निर्माण का कार्य शुरू करेगा। लेकिन झाझरा से ईस्ट होपटाउन व प्रेमनगर तक पांच किमी एरिया विवादित था। विवादित होने के कारण तहसील प्रशासन अब तक इस क्षेत्र का कब्जा एनएच को नहीं सौंप पाया था। जिसके चलते एनएच लोनिवि निर्माण कार्य को शुरू नहीं कर पा रहा था।

शनिवार को तहसील प्रशासन ने सख्ती दिखाई। जिसके चलते एसडीएम विकासनगर विनोद कुमार, तहसीलदार चमन सिंह, एसएलओ केएस नेगी ने झाझरा पुलिस की मौजूदगी में पांच किमी क्षेत्र में बने निर्माण, चाहरदीवारी, बाउंड्रीवाल सहित विभिन्न निर्माण कार्यों को ध्वस्त किया। पांच किमी विवादित क्षेत्र में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए तहसील प्रशासन ने जमीन को अपने कब्जे में लिया। जिसके बाद तहसील प्रशासन ने एनएच के अधिकारियों को बुलाकर उन्हे पांच किमी विवादित जमीन का कब्जा सौंप दिया। एसडीएम विकासनगर विनोद कुमार ने बताया कि विवादित जमीन का कब्जा एनएच को सौंप दिया है। बताया कि अब अस्सी प्रतिशत कब्जा जमीन का एनएच को सौंपा जा चुका है। जिसके बाद बल्लूपुर से पांवटा तक बनने वाली फोरलेन का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। कहा कि पांच किमी विवादित क्षेत्र में लोगों को पहले नोटिस दिए गए थे। लेकिन कब्जा न छोड़ने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

## बिजली घर की जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग

विकासनगर। स्थानीय आरटीआई कार्यकर्ता ने बिजली घर की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को हटाने की मांग यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक से की है। प्रबंध निदेशक को भेजे शिकायती पत्र में आरटीआई कार्यकर्ता सुमित कुमार ने बताया कि बिजली घर की जमीन की एक ओर की सुरक्षा दीवार को तोड़कर उस पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

कब्जा करने वाले व्यक्ति ने सुरक्षा दीवार तोड़कर मिट्टी, ईंट से ढांचा बनाने की तैयारी कर ली है। कहा कि सरकारी संपत्ति पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारी भी मौन साधे हुए हुए हैं। उन्होंने प्रबंध निदेशक से सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# चौपाल में डीएम ने सुनी समस्याएं, योजनाओं की जानकारी दी



रुद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मल्यासू तल्ला में ग्राम चौपाल आयोजित कर जन समस्याएं सुनी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ जनता को मिले इसके लिए अफसरों को निर्देशित किया। मुख्यालय से 2 किमी. दूर मल्यासू में आयोजित चौपाल में ग्राम प्रधान मल्यासू तल्ला विमल चौहान ने जिलाधिकारी को गांव की विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया। गांव को सड़क मार्ग से जोडने के साथ ही पेयजल आपूर्ति, मुख्य सड़क मार्ग से गांव के पैदल मार्ग को भी ठीक कराने, जंगली जानवरों से ग्रामीणों की फसलों को किए जा रहे नुकसान के लिए घेरबाड़ करने, गांव में सौर ऊर्जा द्वारा लगाई गई खराब स्ट्रीट लाईटों को बदलने, गांव में प्राचीन मन्दिर डूब क्षेत्र में आने के कारण मन्दिर को गांव में किसी अन्य उचित स्थान पर विस्थापित करने की मांग की। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त पुल को भी ठीक करने, हाईड्रम योजना को सुचारु करने की मांग की। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। साथ ही अधिकारियों को भी समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी जखोली सूर्यप्रकाश शाह, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश शाह, साधना उप ग्राम प्रधान, जसपाल सिंह सहित कई अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)

## एक नजर

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

रुद्रप्रयाग : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ऊखीमठ की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राजकीय प्राथमिक विद्यालय पठाली में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ ही गढ़वाली और हिंदी गानों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ब्यापार संघ अध्यक्ष ऊखीमठ राजीव भट्ट, विशिष्ट अतिथि उप प्रधान पठाली मनबर नेगी, अति विशिष्ट अतिथि विजय लक्ष्मी देवी ने किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र-छात्राओं में समाजसेवा का भाव जागृत होता है। उन्होंने छात्र–छात्राओं से शिविर से प्राप्त अनुभवों का लाभ समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापक श्री राधे लाल आर्य, प्राथमिक विद्यालय के भारती ने की तथा उन्होंने स्वयं सेवियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम अधिकारी दीपक कुमार नेगी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा शिविर के दौरान होने वाले कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि शिविर में स्वयंसेवी को जन कल्याण की भावनाओं से प्रेरित कर दिया जाता है ताकि वे बेहतर समाज सेवक बन सकें। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी पवन भेतवाल द्वारा किया गया। इस मौके महिला कार्यक्रम अधिकारी सरोज उनियाल, सेवा निवृत प्रधानाचार्य दीनानाथ त्रिवेदी, आशा राम, विजेंद्र सिंह राणा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### हवलदार रघुवीर पंवार का किया अंतिम संस्कार

चमोली : राजकीय सम्मान के साथ शनिवार को असम राइफल के हवलदार रघुवीर सिंह पंवार का रामगंगा पैत्रिक घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। 19 असम रायफल में हवलदार के पद पर कार्यरत 58 वर्षीय रघुवीर सिंह पंवार ग्वाड़ तल्ला, गैरसैंण वर्तमान में दीमापुर नागालैंड में तैनात थे। गत दिनों बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो गयी थी।

# सड़क निर्माण को किया प्रदर्शन



रुड़की। पिछले कई सालों से खराब सड़क का निर्माण न होने से नाराज लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके साथ ही भाजपा सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया। व

रामपुर रोड पर प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद प्रतिनिधि और कांग्रेस नेता सालिम ने कहा कि शहर की कई सड़कें पिछले चार से पांच सालों में दो बार बन चुकी हैं। लेकिन मच्छी मोहल्ला से रामपुर जाने वाले बदहाल मार्ग की कोई सुध लेने वाला नहीं है। कहा कि इस सड़क को बनाए जाने की मांग पिछले चार वर्षों से की जा रही है। जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक सड़क निर्माण की मांग की जा चुकी है लेकिन आश्वासन के अलावा आज तक कुछ हासिल नहीं हुआ। कहा कि सड़क में जगह–जगह गहरे गड्ढे हैं। इसके कारण अक्सर यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## बिल्डर को ब्याज सहित रकम लौटाने के आदेश

देहरादून। रेरा कोर्ट ने तय समय पर फ्लैट न देने वाले बिल्डर को ग्राहक की रकम ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। सात साल पहले भुगतान के बावजूद बिल्डर ने परियोजना की शुरुआत तक नहीं की।

एयरपोर्ट रोड भोपाल मध्यप्रदेश निवासी प्रमिला मित्तल ने रेरा कोर्ट में गुडगांव के पते पर पंजीकृत हेक्टयर रियल्टी वैचंर्स के खिलाफ वाद दायर किया था। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी कि बिल्डर की हरिद्वार में पंतजलि के निकट स्थित मारविला सिटी परियोजना में उन्होंने फ्लैट बुक किया था। जनवरी 2015 में इसके लिए 16.87 लाख रुपए चुकाने के बावजूद, अब तक प्रोजेक्ट की शुरुआत तक नहीं हो पाई है।

# यात्रा समापन पर देहरादून में मानव श्रृंखला बनाएगी कांग्रेस

देहरादून। भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर कांग्रेस देहरादून में मानव श्रृंखला बनाएगी। कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा को देश में एकता और भाईचारा बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मानव श्रंखला के संयोजक सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि कन्याकुमारी से शुरू राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम पड़ाव के रूप में जम्मू कश्मीर में पहुंच गई है। जहां 30 जनवरी को यात्रा का समापन होगा। धस्माना ने कहा कि वर्तमान सरकार की धर्म आधारित राजनीति के चलते बीते कुछ सालों के दौरान समुदायों के बीच विभाजन बढ़ा है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान इसी खाई को पाटने का काम किया है। धस्माना ने कहा अब यात्रा के समापन पर 30 जनवरी को सभी जिला कार्यालयों में झंडा रोहण किया जाएगा। जबकि देहरादून में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश मुख्यालय से गांधी पार्क तक मानव श्रंखला तैयार कर, राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। उन्होने बताया कि प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता यात्रा के समापन पर राहुल गांधी के साथ श्रीनगर कश्मीर में भी उपस्थित रहेंगे।

**जोशीमठ की आवाज उठाने पर धमका रहा है प्रशासन**

धस्माना ने कहा कि प्रदेश सरकार जोशीमठ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को जोशीमठ की आवाज उठाने पर डरा धमका रही है। समिति के पदाधिकारियों को रासुका के तहत फंसाने का डर दिखा जा रहा है। कांग्रेस इसका सड़कों पर उतर कर विरोध करेगी।

## आनंदवन में बताया जाएगा वनों का महत्व

देहरादून। उत्तराखंड के भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की पत्नियों और महिला अधिकारियों की कस्तूरी संस्था ने द्वितीय वर्षगांठ आनंदवन में मनाई। संस्था पर्यावरण एवं सामाजिक विषयों पर जागरूक करती आ रही है।

# हिमाचल से भी खरीद सकते है किसान सेब के पौधेः जोशी

देहरादून। उत्तराखंड के सीमावर्ती गांवों के हिमाचल प्रदेश की नर्सरियों से पौधे खरीद सकते हैं। बशर्तें ये नर्सरियां उद्यान विभाग से मान्य होंगे। कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को बताया कि प्रदेश में सेब की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार 500 सेब के बागीचे स्थापित करेगी। बागीचों की स्थापना के लिए 80 फीसदी तक सरकारी सहायता देने का निर्णय किया गया है। जोशी ने कहा कि किसान अपनी जरूरत के अनुसार पौधों और अन्य जरूरी सामग्री को खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं। बागीचे विकसित करने के लिए वे मान्य नर्सरियों और कंपनियों से सहायता ले सकते हैं।

बडकोट की नर्सरी को क्लीन चिटः उत्तरकाशी के बडकोट तहसील के लोदन गांव में बागीचे विकसित के लिए तय की गई फर्म की वैधता पर लग रहे आरोपों को खारिज कर दिया गया। कृषि मंत्री ने बताया कि इस फर्म ने जम्मू कश्मीर के कुलगाम की ग्रीन नर्सरी का एक भाग चार साल के कांट्रेक्ट पर लिया गया है। इनमें सेब, कीवी, चेरी, प्लम, खुमानी, अखरोट का उत्पादन ग्रीन नर्सरी के सहयोग से किया जा रहा है। इस नर्सरी के फल पौधों का सत्यापन जम्मू कश्मीर में विभागीय समिति द्वारा किया गया है। इसके लिए उत्तराखंड फल पौधशाला (विनियमन) अधिनियम में भी व्यवस्था रखी गई है।

## पंचायतीराज विभाग में हड़ताल स्थगित

देहरादून। ग्राम विकास विभाग में फंक्शन मर्जर के विरोध में 17 जनवरी से हड़ताल पर चल रहे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एसोसिएशन ने विभागीय मंत्री सतपाल महाराज की अपील के बाद हड़ताल स्थगित कर दी है। एसोसिएशन ने शनिवार को महाराज से मिलकर, इस प्रकरण को मजबूती के साथ मुख्यमंत्री क सामने रखने पर आभार जताया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास दुम्का ने कहा कि सतपाल महाराज ने पंचायतों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

दुम्का ने कहा कि अब जल्द प्रस्ताव को कैबिनेट से पास कर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की बहाली पूर्ववत की जाए।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



रुड़की। भगवानपुर के ब्लॉक सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अफसरों को एक सप्ताह के अंदर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गन्ना भुगतान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

बैठक में किसान यूनियन रोड़ गुट के अध्यक्ष पदम रोड़ ने किसानों की राजमार्ग में अधिकृत भूमि के बाद भूमि पर रास्ता नहीं मिलने, पिछला गन्ना भुगतान नहीं होने, किसानों के बिजली कनेक्शन कटने, बिना मुआवजा दिए ही भूमि पर काम शुरू करने की समस्या उठाई। धीरमजरा के ग्रामीणों ने पानी निकासी कराए जाने की मांग की।

जेएम आशीष कुमार मिश्रा ने हाईवे के अधिकारियों को कहा कि जब तक किसानों का मुआवजा नहीं मिल पाता, तब तक उनकी भूमि पर कार्य न किया जाए। उन्होंने गन्ना भुगतान को लेकर मिल अधिकारियों से वार्ता किए जाने का आदेश दिया।

# जोगीवाला चौक में सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू, ट्रैफिक डायवर्ट

देहरादून। जोगीवाला चौक चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई है। एनएच खंड डोईवाला ने प्रशासन और पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर जेसीबी ने दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रैफिक को भी डायवर्ट कर दिया गया है। वाहनों को कारगी से दुधली की तरफ भेजा जा रहा है। वहीं रायपुर और थानो मार्ग पर भी ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। चेतावनी के बाद कुछ दुकानदारों ने सामान शिफ्ट कर खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है। वहीं कुछ दुकानदार विरोध में मौके पर एकत्र हो गए हैं।

जोगीवाला चौक पर अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। एनएच खंड डोईवाला ने इस चौक के चौड़ीकरण की कवायद शुरू की है, लेकिन अतिक्रमण यहां बाधा बन रहा है। एनएच ने यहां 40 अतिक्रमण चिह्नित किए हैं। एक साल पहले अतिक्रमण पर लाल निशान भी लगाए, लेकिन काबिज लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। व्यापारियों की मांग पर बीते बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने अतिक्रमण की फिर से पैमाइश की, जिसमें 38 अतिक्रमण पाए गए। शुक्रवार को एचएच के ईई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम जोगीवाला पहुंची। ईई ने बताया कि अतिक्रमण पर काबिज सभी लोगों को अंतिम चेतावनी दी गई है। कुछ व्यापारी सामान शिफ्ट कर खुद अतिक्रमण हटाने भी लगे हैं, जो नहीं हटाएंगे, उनका अतिक्रमण शनिवार को प्रशासन और पुलिस के सहयोग से जेसीबी से हटाया जाएगा। इसमें जो क्षति होगी, उसके लिए वह खुद जिम्मेदार रहेंगे।बताया कि जो लोग खुद की जमीन बताकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं, ऐसे लोगों की जमीन को यदि राजस्व विभाग यह सत्यापित करके देता है कि जमीन वास्तव में उनकी है, तो उनको नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। उधर, एडीएम (प्रशासन) डॉ. एसके बरनवाल ने जोगीवाला चौक पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

## जोगीवाला में रूट डायवर्ट होने से यात्री रहे परेशान



ऋषिकेष। जोगीवाला में रोड चौड़ीकरण के चलते रूट डायवर्ट रहा। जिससे शनिवार को डोईवाला में जगह–जगह जाम की स्थिति बनी। इस दौरान यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इन दिनों जोगीवाला में रोड चौड़ीकरण को लेकर सड़क किनारे हुए निर्माण को तोड़ा जा रहा है। इसका सीधा असर डोईवाला में भी देखने को मिल रहा है। शनिवार को जोगीवाला में मुख्य मार्ग बंद हो जाने के चलते देहरादून से आने वाले सभी वाहन वाया मथुरावाला, दूधली होते हुए डोईवाला से होकर गुजरे। वहीं दूसरी तरफ डोईवाला पुलिस ने देहरादून जाने वाले वाहनों को वाया दूधली और वाया थानो रायपुर मार्ग से डायवर्ट किया। वहीं डोईवाला से ट्रैफिक चांदमारी और प्रेम नगर रेलवे फाटक से दूधली होकर डायवर्ट किया गया।

# यात्री शेड पर कब्जा, खुले आसमान नीचे वाहनों का इंतजार

## कोटद्वार पुलिस चौकी के समीप यात्री शेट पर रेहड़ी–ठेली वालों ने किया कब्जा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में मुसाफिर सर्द असमान के नीचे बस का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं।

### सड़क किनारे भी कब्जा

कोटद्वार स्टेशन में यात्री सड़क किनारे खड़े होकर भी बस का इंतजार नहीं कर सकता। हालत यह है कि रेहडी–ठेली व अन्य व्यापारियों ने सड़क किनारे भी अपना कब्जा जमाया हुआ है। स्टेशन में फैली अव्यवस्थाओं के कारण यात्रियों को हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। यहीं नहीं पूर्व में कई बार हादसे भी हो चुके हैं।



कोटद्वार के स्टेशन रोड में यात्री शेड पर लगी रेहड़ी—ठेली

बाजार पुलिस चौकी के समीप यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए यात्री शेड पर भी रेहड़ी–ठेली वालों ने कब्जा कर लिया है। ऐसे में लगातार बढ़ रहा कोहरा व शीतलहर यात्रियों को परेशान कर रहा है। बावजूद इसके सरकारी सिस्टम यात्रियों की सुविधा को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

कोटद्वार से हर रोज सैकड़ों यात्री पहाड़ व मैदान के लिए यात्रा करते हैं। दिल्ली से दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र को जाने वाले अधिकांश प्रवासी कई बार रात की बस से सुबह तीन बजे कोटद्वार स्टेशन में पहुंच जाते हैं। लेकिन, यहां से पर्वतीय रूट की बस पकड़ने के लिए उन्हें घंटों ठंड की अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ रहा है।

यात्री कोहरे व शीतलहर के बीच सर्द आसमान के नीचे बस के इंतजार को मजबूर हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रहे मुसाफिरों को हो रही है। वर्षों पूर्व यात्रियों की सुविधा के लिए बाजार चौकी के समीप बनाए गए यात्री शेड पर भी रेहड़ी–ठेली का कब्जा हो गया है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बानने के दावे करने वाली पुलिस को यात्री शेड पर हुआ अतिक्रमण नहीं दिखाई देता।

# निगम कर्मी गंभीरता व ईमानदारी से कार्य करें : रावत

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर की ओर से प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डा. धन सिंह रावत का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर निगम कर्मियों एवं श्रीनगर के स्थानीय लोगों ने श्रीनगर को नगम निगम बनाए जाने पर डा. धन सिंह रावत का आभार जताया। कार्यक्रम में डा. रावत ने कहा कि श्रीनगर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में देश के टॉप-10 नगर निगमों में शामिल कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए उन्होंने निगम कर्मियों को इसके लिए जुटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम कर्मियों को गंभीरता व ईमानदारी से कार्य करने को कहा।

नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डा. रावत ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आज से ही शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन व नगन निगम प्रशासन को भी निर्देशित किया। कहा अतिक्रमण के दायरे में किसी का भी घर आएगा उसे भी हटाया जाएगा।

# साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

## पुलिस ने आमजन को किया अपराध के प्रति जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** जिला पुलिस की ओर से रीठाखाल, एकेश्वर, सतपुली व कोटद्वार में आमजन को अपराध के प्रति जागरूक किया गया। कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इस दौरान लोगों को साइबर अपराध से बचाव की भी जानकारी दी गई।

पुलिस की ओर से रीठाखाल, एकेश्वर व सतपुली में कैंप लगाकर आमजन को बढ़ते अपराध के बारे में बताया गया। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराध तेजी से बढ़ता जा रहा है।

साइबर ठप बैंक अधिकारी बन उपभोक्ताओं के खाते में डाका डाल रहे हैं। कहा कि हमें किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित निजी जानकारी नहीं देनी चाहिए। कोई भी तरह की ठगी होने पर तुरंत अपने बैंक व साइबर पुलिस से संपर्क करें। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली ने कण्वाश्रम में क्षेत्रवासियों को अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में लगातार साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है। हमें अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों को भी अपराध के बारे में बताया। कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाए गए हैं। बच्चों को किसी भी अपराध से डरने के बजाय पुलिस का सहयोग लेना चाहिए।



आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करती पुलिस ।

# भाषण में आकृति, मनीषा, बबीता ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नेहरु युवा केन्द्र, पौड़ी गढ़वाल की ओर से पौड़ी, रूद्रप्रयाग एवं चमोली जिले की राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2023 की जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता वर्चुअल मोड में नोडल केन्द्र नेहरु युवा केन्द्र पौड़ी में आयोजित की गयी। पौड़ी जिले से आकृति बिष्ट, ग्राम क्यार्द, पाबौ ब्लॉक प्रथम, तनीषा रावत कोट ब्लॉक द्वितीय स्थान पर रही। जनपद रुद्रप्रयाग से मनीषा नेगी ग्राम देवांगना ऊखीमठ ब्लॉक प्रथम, सृष्टि रावत ग्राम विजनगर अगस्त्यमुनि द्वितीय, जनपद चमोली से बबीता पुण्डीर ग्राम कानाडांडा कर्णप्रयाग ब्लॉक प्रथम, अमीषा ग्राम रडवा पोखरी ब्लॉक द्वितीय स्थान पर रही।

जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने बताया कि भारत सरकार द्वारा युवाओं के लिए जिला स्तर से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य, सेहत एवं खेल, कौशल विकास, सोशल मीडिया में युवा दृष्टिकोण विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिले स्तर की प्रतियोगिता में पौड़ी, रुद्रप्रयाग तथा चमोली के नेहरु युवा केन्द्रों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं ने प्रतिभाग किया। वर्चुअल मोड पर आयोजित प्रतियोगिता में पांच सदस्यों की चयन समिति में शिक्षाविद् डॉ. आलोक सागर गौतम सहायक प्रोफेसर एचएनबीकेगविवि श्रीनगर, संजय बलूनी, सांसद प्रतिनिधि, अनिल भट्ट, राकेश रमण शुक्ला, योगम्बर पोली शामिल रहे। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त प्रत्येक जिले के दो-दो प्रतिभागियों को 7 फरवरी को देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को दो लाख, द्वितीय को एक लाख पचास हजार, तृतीय को एक लाख सहित पचास-पचास हजार के दो सांत्वना पुरुस्कार दिये जायेंगे।

# काश्तकारों को वितरित किए कृषि यंत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पौड़ी के विकास खंड दुगड्डा के देवरामपुर में उत्तराखंड कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषि विकास योजना एवं जिला योजना के अंतर्गत अनु0 जाति महिला कृषि समूह एवं अनु0 जनजाति कृषकों को कृषि यंत्र वितरण किए गए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने काश्तकारों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसान खुशहाल होगा, तो देश खुशहाल होगा। सरकार खेती को लाभ का श्रोत बनाने के लिए कई तरह के योजनाओं पर काम कर रही है। किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज पर कृषि लोन दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा हर एक किसान को प्रति वर्ष 06 हजार रुपए सम्मान निधि के रूप में दे रही है। राज्य में आर्थिक विकास हुआ है और उत्तराखंड आगे बढ़ रहा है साथ ही पिछले कुछ वर्षों में राज्य की घरेलू उत्पाद की दर में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने लोगों और किसानों से कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने किसानों से अपील की वो केंचुआ खाद (वर्मी कंपोस्ट) में भी ध्यान दे उन्होंने कृषि अधिकारियों को भी वर्मी कंपोस्ट के प्रचार प्रसार पर ध्यान देने के लिए निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने महिलाओं के एक समूह को 80 प्रतिशत सब्सिडी वाला खेती के लिए मिनी ट्रैक्टर की चाभी सौंपी, और उन्होंने महिला किसानों की सराहना करते हुए कहा की आज उत्तराखंड की ग्रामीण महिलाएं समूहों के माध्यम से रोजगार उत्पन्न कर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही है। महिलाएं समाज में मजबूती से अपनी जगह बना रही है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत वर्षों में महिलाओं को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह भरपूर रूप से मिल रहा है। आज महिलाएं न सिर्फ घर की जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन कर रही हैं,



काश्तकारों को कृषि उपकरण देती विस अध्यक्ष ।

इसके साथ ही पुरुषों के साथ बाहर के कार्यों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहीं हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में विभिन्न योजनाएं संचालित हो रही हैं जिनका लाभ लेकर महिलाएं सशक्त हो रही है। कृषि एवम् भूमि संरक्षक अधिकारी अरविंद भट्ट ने किसानों को यंत्रों/उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी तथा इन यंत्रों के प्रक्षेत्र पर उपयोग एवं संचालन की विधियों पर प्रकाश डाला। कृषि विभाग द्वारा किसानों को कल्टीवेटर 9 टाईन, ब्रश कटर पेट्रोल वाला, आटा चक्की 5 एचपी, स्प्रे मशीन बैटर, मैनुअल चारा मशीन, चारा मशीन 3 एचपी जैसे विभिन्न उपकरण किसानों को बांटे गए। कार्यक्रम में कृषि भूमि संरक्षण अधिकारी अरविंद भट्ट, उद्यान अधिकारी कोटद्वार प्रभाकर सिंह, मनोज पांथरी, सुखपाल सिंह पार्षद, जिला पंचायत सदस्य भारत सिंह नेगी, राजेश्वरी स्वयं सहायता समूह देवरामपुर आदि भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# वन पंचायतों के सरंपचों के सुझाव लिए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिला मुख्यालय पौड़ी के जिला पंचायत बैठक हाल में विकेंद्रीकृत वन प्रबंधन हेतु वन पंचायतों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने वन पंचायत के इतिहास पर चर्चा की। इस दौरान कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी व 25 वन पंचायतों के सरपंचों ने प्रतिभाग किया प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वन पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम वन पंचायत के सरपंचों ने अपनी-अपनी समस्याएं भी बताई।जिला पंचायत के पुराने सभागार में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर ने उत्तराखंड विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषण के सहयोग से मध्य हिमालय में विकेंद्रीकृत वन प्रबंधन आजीविका एवं नीति के तिगत सुझाव विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। पहले दिन कार्यक्रम का उदघाटन एचएनबी श्रीनगर गढ़वाल यूनिवर्सिटी के फॉरेस्टरी एंड नेचुरल सिसोर्स के हेड प्रो. आरसी सुंदरियाल ने किया। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में वन पंचायतों का क्या महत्व है। इस दौरान वन पंचायतों के सरंपचों के सुझाव भी लिए। सामाजिक कार्यकर्ता हेम गैरोला ने वन पंचायत का इतिहास व नियमों के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने कुमाऊं फोरेस्ट ग्रीवेंस कमेटी के विषय से संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर सोयम फॉरेस्ट डवीजन के रेंजर आशीष मोहन तिवारी, रेंजर ललित मोहन नेगी, असिस्टेंट प्रो. जेएस बुटोला ने आदि ने भी विचार रखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अक्षय सैनी, रेखा राना, अशोक मीणा, प्रिया बंसल आदि शोधार्थी भी रहे।

# डीएम ने खराब प्रगति पर अधिकारियों को लगाई फटकार

## सहायक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी व कम्प्यूटर ऑपरेटर के वेतन रोकने के आदेश , प्राथमिक शिक्षा, कृषि, लोनिवि व वन विभाग के अधिकारी का स्पष्टीकरण किया तलब

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना, राज्य सेक्टर व केन्द्र पोषित व बाह्य सहायतित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा प्रस्तुत आंकडे विभागीय आंकड़ें में एकरुपता नहीं होने पर जिलाधिकारी ने सहायक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी व विभागीय कम्पयूटर ऑपरेटर के जनवरी माह के वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। जिला योजना में प्राथमिक शिक्षा, कृषि, लोनिवि निर्माण खंड व वन विभाग की खराब स्थिति पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया है।

शनिवार को आयोजित जिला योजना, राज्य सेक्टर व केन्द्र पोषित व बाह्य सहायतित योजनाओं की बैठक में प्राथमिक शिक्षा, कृषि, लोनिवि निर्माण खण्ड व वन विभाग को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया है। विभागों द्वारा वित्तीय व भौतिक प्रगति को लेकर उपलब्ध कराये गये आंकड़ों को अद्यतन नहीं करने पर उन्होंने सहायक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित विभागीय डाटा एन्ट्री आपरेटर का माह जनवरी का वेतन रोकने के निर्देश दिये है। ईओ नगर पालिका परिषद पौड़ी द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं करने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया गया है। पीएमजीएसवाई की सड़कों के डामरीकरण में धीमी गति पर जिलाधिकारी ने कहा कि 20 से 27 फरवरी को पीएमजीएसवाई डामरीकरण सप्ताह के रुप में मनायेगा, इस दौरान अवशेष 35 किलोमीटर की सड़कों का डामरीकरण एक साथ किया जायेगा। वन विभाग गढ़वाल को राज्य सेक्टर के केवल 1 करोड़ की धनराशि मिलने पर जिलाधिकारी ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को राज्य सेक्टर की धनराशि की मांग को बढ़ाने के निर्देश दिये। कहा कि गढ़वाल में वनों की सुरक्षा एवं संवेदनशीलता को बनाये रखने के लिए अधिक धनराशि की आवश्यकता है। उन्होंने उरेड़ा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोटद्वार से सटे फारेस्ट विलेजेज को प्राथमिकता के आधार पर सोलर स्ट्रीट लाईट लगाना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने बताया कि जिला योजना की प्रगति 63 प्रतिशत है अधिकांश विभागों की योजनाओं के कार्य गतिमान है। कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक शत प्रतिशत भौतिक व



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

वित्तीय उपलब्धि प्राप्त की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, डीडीओ पुष्पेंद्र चौहान, डीएसटीओ राम सलोने, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. डीके तिवारी, ईई लोनिवि केएस नेगी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अतिथि शिक्षक ने परीक्षा कक्षों में लगाई दीवार घड़ी की सराहनीय पहल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : परीक्षा के दौरान समय को लेकर चिंतित रहने वाले छात्र-छात्राओं की पीड़ा को समझते हुए पौड़ी बीजीआर परिसर के अतिथि शिक्षक डा. अभिलेख जगूड़ी ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने 8 परीक्षा कक्षों में दीवार घड़ी लगाई है। उनके इस कदम की परिसर निदेशक व अन्य शिक्षकों ने भी सराहना की है।

पौड़ी परिसर के भूगोल विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ. अभिलेख जगूड़ी ने बताया कि परीक्षा के दौरान उत्तर लेखन के समय छात्र-छात्राएं समय को लेकर काफी चिंतित दिखते हैं। जिस पर उनके द्वारा 8 परीक्षा कक्षों में 8 दीवार घड़िया लगाई गई है। परिसर निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी ने अतिथि शिक्षक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से परिसर को आगे बढ़ाया जा सकता है। छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल, सचिव मुकुल, दिवाकर, अमन कुमार ने कहा कि अतिथि शिक्षक ने छात्र-छात्राओं की एक बड़ी समस्या को हल करने का प्रयास किया है। कहा कि छात्रसंघ इस तरह की गतिविधियो के लिए हमेशा सहयोग करता रहेगा।

# ब्लूमिंग वेल के संस्थापक सुभाष चंद्र को मिली डाक्ट्रेट उपाधि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल के संस्थापक सुभाष चंद्र चतुर्वेदी को डाक्ट्रेट की मानद उपाधि मिली है। चतुर्वेदी पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं।

रूस की यूनिवर्सिटी आफ माकरिया की ओर से चतुर्वेदी को यह उपाधि दी गई। वर्ष 1993 में सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ने ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल की स्थापना की थी। उन्होंने शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कई उन्नयन एवं नए कीर्तिमान स्थापित किए। सुभाष चंद्र चतुर्वेदी व उनकी पत्नी कुमुद चतुर्वेदी के योगदान से आज विद्यालय लगातार उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मानद उपाधिक कार्यक्रम में देश–विदेश से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग पहुंचे हुए थे। जिसमें उन्हें भी सम्मानित होने का मौका मिला। बताया कि वह व उनकी पत्नी कुमद चतुर्वेदी पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।




आयोजित कार्यक्रम में डाक्ट्रेट की उपाधि लेते सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ।

# सिद्धपीठ मां धारी देवी का दरबार नए मंदिर में हुआ विराजमान

**संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर से करीब 13 किमी की दूरी पर कलियासौड़ स्थित सिद्धपीठ मां धारी देवी का दरबार शनिवार को नए मंदिर में विराजमान हो गया है। मंदिर में अरुणोदय काल 3.30 बजे से पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई थी। जिसके बाद आदि शक्ति मां धारी देवी पुजारी न्यास द्वारा मां धारी देवी के ठीक ऊपर पिलरों पर बनाए गए नवनिर्मित मंदिर में प्रातः 8.10 बजे मां धारी देवी सहित भैरवनाथ और नंदी की प्रतिमाएं पुजारी न्यास द्वारा विधि-विधान के साथ स्थापित की गई। पौने दस बजे मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया गया था।

श्रीनगर जल विद्युत परियोजना निर्माण के कारण धारी देवी मंदिर डूब क्षेत्र में आ गया था। जिसके कारण परियोजना संचालन कर रही कंपनी की ओर से पिलर खड़े कर नए मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था। 16 जून 2013 की केदारनाथ आपदा के कारण अलकनंदा का जल स्तर बढ़ने पर मंदिर में स्थापित प्रतिमांओं को अस्थायी मंदिर में अपलिफ्ट कर दिया गया। करीब 9 साल से यह सभी प्रतिमाएं अस्थायी मंदिर में स्थापित थीं।

इन्हीं पिलरों पर धारी देवी मंदिर के मूल स्थान के ऊपर नए मंदिर का निर्माण किया गया है।

लगभग चार साल पहले नदी तल से करीब 30 मीटर ऊपर पिलरों पर पर्वतीय शैली में आकर्षक मंदिर का निर्माण करा दिया गया था, लेकिन कंपनी और पुजारी न्यास में सहमति नहीं बन पाने से बार-बार प्रतिमाओं की शिफ्टिंग नहीं हो पा रही थी। जिसके बाद 28 जनवरी को मूर्तियों को नए मंदिर में शिफ्ट किए जाने की तिथि घोषित की गई। मूर्ति शिफ्ट करने से पहले 24 जनवरी से मंदिर में शतचंडी यज्ञ शुरू कर दिया गया था।

मौके पर पुजारी रमेश चंद्र पांडेय, सचिदानंद पांडेय, जगदंबा प्रसाद पांडेय, आनन्द प्रकाश नौटियाल, वाणी विलास डिमरी, डॉ. हरिशंकर डिमरी, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. प्रकाश चमोली, जितेंद्र डंगवाल, धनीराम डिमरी, सुशील डिमरी, सूरज पाण्डे, रजत पंत, प्रमोद पाण्डे, विभोर बहुगुणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कार्रवाई से पूर्व जागरुकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया




अल्मोड़ा : छावनी परिषद अधिकारियों के साथ हुई नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग प्रतिबंधन को लेकर गहन चर्चा हुई। छावनी अधिकारियों ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा इसके प्रयोग पर जुर्माने और कार्रवाई का प्रावधान है। व्यापार संघ पदाधिकरियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कार्रवाई से पूर्व प्रशासन को जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया।

कैंट कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में छावनी परिषद के स्वच्छता निरीक्षक अजय प्रताप सिंह और चंदन कुमार सौनिक ने व्यापार मंडल पदाधिकारियों को अवगत कराया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक मसलन वूवन बैग, सिलवर फॉइल लगा पैकिंग का सामान, प्लास्टिक के गिलास–प्लेट–चम्मच आदि पूर्णतः प्रतिबंधित हैं तथा इसका उल्लंघन करने पर जुर्माने व कार्रवाई का प्रावधान है। व्यापार मण्डल पदाधिकारियों ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश का पालन किया जाएगा। लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंधन को लेकर कई व्यवहारिक दिक्कतें सामने आ रही हैं। कहा कि प्रशासन को जागरूकता कार्यक्रम चला कर इस विषय पर व्यापारियों एवं आम जनता को जागरूक करना चाहिए। व्यापारियों और आम जनता को अभी यह समझ नहीं आ रहा कि किस तरह के प्लास्टिक पर बैन है, क्योंकि बाजार में बहुत सी चीजों पर प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। कहा कि शासन–प्रशासन को इसके लिए समय देते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाना चाहिए।

## सलना–कानाकोट की दुर्दशा पर ग्रामीण भड़के

चम्पावत : सलना–कानाकोट मोटर मार्ग की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि अगर जल्द निर्माण कार्य शुरू न हुआ तो एक फरवरी से वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गांव के अशोक मेहरा के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि सलना से कानाकोट गांव को जोड़ने वाले मोटर मार्ग में कई जगह गड्ढे बने हुए। जिससे आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शासन–प्रशासन से कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अभी तक क्षेत्रवासियों की समस्या जस की तस बनी हुई है।

## सेरी में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने को लेकर ग्रामीण मुखर

अल्मोड़ा : भनोली तहसील के अंतर्गल ग्राम पंचायत झालडुगरा के सेरी में विवादित सौर ऊर्जा प्लांट को लेकर ग्रामीण मुखर हो गए हैं। शनिवार को ग्रामीणों ने देहरादून की कंपनी पर उपजाऊ कृषि भूमि में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जल्द प्लांट की अनुमति निरस्त करने की मांग उठाई।

ग्राम देवता भूमिया संघर्ष समिति झालडुंगरा के अध्यक्ष रणजीत सिंह रावत ने कहा कि कंपनी के लोग ग्रामीणों को गुमराह कर उनकी जमीन लीज पर लेने को तमाम प्रलोभन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेरी में जिस तरीके से कंपनी की ओर से सौर ऊर्जा प्लांट का सामान डाला जा रहा है और ग्रामीणों को धमकाया जा रहा है। उससे शांति भंग का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार न तो सौर ऊर्जा प्लांट को भूमि देंगे और न ही कंपनी को अपनी भूमि से रास्ता देंगे।

चेतावनी दी कि जबरन ग्रामीणों पर दबाव बनाया गया तो समस्त ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

प्रदर्शन करने वालों में मोहन नाथ गोस्वामी, हरीश बगड़वाल, दीवान बगड़वाल, पुष्पा नेगी, दीपा बिष्ट, पान सिंह गैड़ा, भागुली देवी, पार्वती देवी, कलावती देवी, लीला देवी, कुंवर सिंह, जीवन सिंह रावत, धन सिंह गैड़ा, सरूली देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)



## धूप खिलने से ठंड से मिली राहत

चम्पावत : चम्पावत में शनिवार को चमकदार धूप खिलने से मौसम सुहावना हो गया। हालांकि पाले की सफेद चादर बिछने से लोगों को सुबह के समय कड़कड़ाती ठंड का सामना करना पड़ा। शनिवार को चम्पावत में दिन भर चमकदार धूप खिली रही। इससे लोगों को कड़कड़ाती ठंड से निजात मिली। दिन में तेज धूप खिलने से लोगों ने सिर्फ स्वेटर पहन कर काम चलाया। लेकिन सूर्यास्त के बाद एक बार फिर से ठंड में इजाफा हो गया। यहां रात में आसमान साफ होने से जम कर पाला गिर रहा है। इससे सुबह के समय पाले की मोटी चादर बिछ रही है। पाले की वजह से निचले वाले इलाकों में पेयजल लाइन जम जा रही है। इससे पानी की आपूर्ति में असर पड़ रहा है। (एजेंसी)

## आरोपी की जमानत याचिका खारिज

अल्मोड़ा : धोखाधड़ी और गबन के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद नाथ त्रिपाठी की अदालत ने दो अलग–अलग मामलों में आरोपी नितेश श्रीवास्तव निवासी–सहारा प्रेस, जानकीपुरम सदर लखनऊ उत्तर–प्रदेश की जमानत याचिका खारिज की है। शासकीय अधिवक्ता शेखर चंद्र नैनवाल ने बताया कि 19 जनवरी 2020 को अल्मोड़ा कोतवाली में अनंत निधि क्रेडिट सोसायटी के चीफ प्रोक्टर आरोपी नितेश श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोपी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य का परिसीलन कर न्यायायल ने दोनों मामलों में आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। (एजेंसी)

## कांग्रेस ने योजनाओं और गांव के विकास को आगे बढ़ाया



अल्मोड़ा : लमगड़ा ब्लॉक में कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा जारी है। शनिवार को यात्रा विकासखंड लमगड़ा के धुरा संगरौली गांव पहुंची। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया।

यात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने योजनाओं और गांव के विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। वर्तमान में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में दीवान सतवाल, पान सिंह बोरा, पूरन पांडे, रमेश सिंह बिष्ट, दयाल पांडे, आनंद सिंह, महेश पांडे, पुष्कर सिंह, ललित पांडे, राधा बल्लभ पांडे, चंदन सिंह, नवीन कुमार, प्रेम सिंह बगड़वाल, भुवन बिष्ट, प्रेम राम, तारा दत्त पांडे, चंद्र बल्लभ पांडे, भानू देव, गोपाल राम, जगत राम, भुवन राम, किशन राम, तारा देवी, कमला देवी, नंदी देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## समारोह को सफल बनाने के लिए आभार जताया

अल्मोड़ा : पूर्व सैनिक संगठन भिकियासैंण की ओर से शनिवार को बैठक हुई। इसमें बीते दिनों सेना दिवस समारोह के आयोजन में हुए आय व्यय का विवरण रखा गया। साथ ही समारोह को सफल बनाने के लिए दिए गए सहयोग के लिए जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, विभिन्न संगठनों और स्कूली बच्चों का आभार जताया। इस मौके पर आय व्यय भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में संगठन अध्यक्ष कैप्टन राजे सिंह, दान सिंह, जसवंत सिंह, हिम्मत सिंह अधिकारी, आनंद कड़ाकोटी, सुरेश लखचौरा, भवानी सिंह, खुशाल सिंह, गोपाल सिंह, मोहन कन्याल, धर्मानंद रिखाड़ी, पूरन चंद्र, फकीर सिंह, पुष्पा देवी, शांति देवी आदि रहे। (एजेंसी)

## ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मांगों का निराकरण न होने पर आक्रोशित

बागेश्वर : ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संगठन की अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को भी जारी रही। उन्होंने विकास भवन परिसर पर नारेबाजी के साथ धरना दिया। छह सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने पर आक्रोश जताया। हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का प्रमाण पत्र आदि नहीं बन पा रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर दो पदों का एक पद कर दिया गया है। उन्होंने बहुउद्देशीय कर्मी व्यवस्था समाप्त करने, कार्मिकों को उनके मूल विभाग वापस भेजने, स्वीकृत पदों के सापेक्ष कर्मचारी की तैनाती होने तक वह आंदोलन पर डटे रहेंगे। इस मौके पर इंद्रा गढ़िया, यशवीर असवाल, मनोहर रावत, हेमा जोशी, भगवती कपकोटी, हरीश आर्य, वर्षा परिहार, कुंदन प्रसाद, मनोज गोस्वामी, भास्करानंद पाठक, ललिता गोस्वामी, नेहा खेतवाल, कपिल गंगवार, रूबी, जन चंद्र जोशी आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## चम्पावत पुलिस को मिला इंटरसेप्टर वाहन

चम्पावत : चम्पावत यातायात पुलिस को पहली बार आधुनिक उपकरणों से युक्त इंटरसेप्टर वाहन मिला है। इस वाहन में ऑनलाइन चालान की सुविधा के लिए मशीनें और जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है। शुक्रवार को एसपी देवेंद्र पींचा ने यातायात निदेशालय देहरादून से प्राप्त इंटरसेप्टर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन से ट्रिपल राइडिंग, ओवर स्पीड, बिना हेलमेट और बगैर सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों पर तत्काल ऑनलाइन कार्यवाही की जा सकेगी। एसपी ने बताया कि इस इंटरसेप्टर वाहन की मदद से यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में सुविधा मिलेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन विवेक सिंह कुटियाल, प्रतिसार निरीक्षक महेश चंद्रा, टीएसआई ज्योति प्रकाश व अन्य रहे। (एजेंसी)

## प्रावि गैरसेल में स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी

पिथौरागढ़ : सामाजिक सरोकारों से जुड़े जुगल किशोर पाण्डे कि पहल पर नेपाल सीमा से लगे प्राथमिक विद्यालय गैरसेल में आयोजित कार्यक्रम में 115 बच्चों को शिक्षण सामग्री दी गई। समाजसेवी केडी जोशी, वनक्षेत्राधिकारी दिनेश चन्द्र जोशी के सहयोग से सामग्री बांटी गई। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिले उठे। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्त्ता सामंत ने इस आयोजन के लिए जंगल किशोर पाण्डे के प्रयासों सराहना की। उन्होंने कहा सुदूर क्षेत्र के लिए यह कार्यक्रम स्वच्छता के साथ साथ पढ़ने के लिये नौनिहालों को प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में गौरव विष्ट, जगदीश बिष्ट, भीम सिंह सांगत मरियम दल उमादेवी, अजीत दल, माहेश्वरी पुजारा, गीता आर्या भागीरथी सामंत, उमा सुतेडी, राधा देवी, मोहन चंद, अर्जुन सिंह सामंत, कल्याण सिंह सामंत भगवान सिंह सामंत, गिरीश बिष्ट, मंजू देवी, रेल कुमारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एंबुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

बागेश्वर : एंबुलेंस से जिला अस्पताल आ रही एक प्रसूता का प्रसव आधे रास्ते में हो गया। जज्जा–बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। उन्होंने सुरक्षित उनके घर पहुंचा दिया गया है। काफलीगैर तहसील के करासीबूंगा गांव निवासी 24 वर्षीया सोनिया पत्नी दर्शन कुमार को शुक्रवार की रात रात लगभग 11 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। आधी रात में उन्होंने 108 को फोन पर सूचना दी। एंबुलेंस लगभग एक घंटे बाद वहां पहुंची। प्रसूता को एंबुलेंस में चढ़ा कर जिला अस्पताल लाया जा रहा था। घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर तय की थी कि प्रसूता को तेज दर्ज हुआ और एंबुलेंस में ही नवजात ने जन्म लिया।

## पुलिस कर्मी टीम भावना और जनसेवा को सर्वोच्च लक्ष्य मानकर चलें : आईजी



चम्पावत : भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के थानों में बनबसा थाने को तृतीय स्थान मिलने पर पुलिस विभाग द्वारा बनबसा स्थित सुमंगलम होटल के सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों समेत जिलाधिकारी चंपावत ने भी शिरकत की। बनबसा थाने के थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह को भी अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी नीलेश आनंद भरणे ने बनबसा थाने में तैनात थानाध्यक्ष एवं पुलिस कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके इस उत्कृष्ट कार्य से न सिर्फ पुलिस महकमे का नाम रोशन हुआ है बल्कि प्रदेश के लिए भी यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को टीम भावना और जनसेवा को सर्वोच्च लक्ष्य मानकर चलना चाहिए, इस प्रकार कार्य करने से किसी भी कार्य में सफलता मिलना निश्चित है। जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी ने कार्यक्रम में बनबसा थाने को देशभर के थानों में तृतीय सर्वोच्च पुरस्कार मिलने पर पुलिस विभाग को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि चंपावत जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश के लिए बहुत सम्मान की बात है।

## मांगों को लेकर वीपीडीओ का कार्यबहिष्कार जारी

चम्पावत : ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने कार्यात्मक एकीकरण प्रणाली को निरस्त करने की मांग को लेकर कार्यबहिष्कार जारी रखा है। उनका कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती वे डटे रहेंगे।

शनिवार को कलक्ट्रेट में वीपीडीओ संगठन के जिलाध्यक्ष शिवांशु वर्मा के नेतृत्व में संगठन ने एकीकरण को खत्म करने की मांग की।

कहा कि अपर सचिव प्रशासनिक अधिकारों और कार्यों के विलय के आदेश को स्थगित करने का आदेश जारी किया है। जबकि उनकी मांग विलय के आदेश को निरस्त करने की है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हितों के खिलाफ आदेश जारी किया है। उन्होने कहा कि जबतक सरकार इस आदेश को निरस्त नहीं करती। जिले के सभी वीपीडीओ कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर डटे रहेगें। प्रदर्शन करने वालों में दिनेश सिंह बिष्ट, संगीता आर्या, कौशल पांडेय, भुवन चंद्र पांडेय, हरीश बिनवाल, मदन मोहन, विवेक वर्मा, अश्विन सागर, प्रेमचंद, मनोज सिंह, रवींद्र गोस्वामी, सचिन उपाध्याय, दिनेश चंद्र पांडेय, देवेंद्र सिंह, नवीन चंद्र, एलएम पांडेय रहे। (एजेंसी)

## कांग्रेस ने ब्लॉक प्रभारी व सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी

बागेश्वर : प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद जिला कांग्रेस इकाई ने ब्लॉक प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिलाध्यक्ष भवगत डसीला ने बताया कि सात जनवरी को हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के जिला प्रभारी महेंद्र सिंह लुंठी की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति के बाद जिले में ब्लॉक प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। कांडा के लिए हरीश ऐठानी प्रभारी, गोविंद सिंह बिष्ट, चामू सिंह देवली सह प्रभारी, कपकोट सुनील भंडारी प्रभारी, किशन कठायत, कैलाश मोहन सह प्रभारी, बागेश्वर अर्जुन भट्ट प्रभारी, दीपक कांडपाल राजेंद्र राठौर सह प्रभारी, कठपुड़िया के लिए राजेंद्र सिंह टंगड़िया प्रभारी, नवल टम्टा, नवीन टम्टा सह प्रभारी, गरुड़ के लिए नरेंद्र सिंह राठौर प्रभारी, ईश्वर पांडे, बलवंत सिंह नेगी सह प्रभारी, चौंरा ब्लॉक के लिए गीता रावल प्रभारी, सुनीता टम्टा कमला जोशी सह प्रभारी, नगर बागेश्वर ललित सिंह बिष्ट प्रभारी, किशन गिरी गोस्वामी, दरबान राम सह प्रभारी। (एजेंसी)

## फैक्ट्री प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : वर्कशॉप के स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर सिडकुल स्थित फैक्ट्री प्रबंधन पर भुगतान मांगने पर गाली–गलौच और धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शनिवार को बालाजी इंजीनियरिंग वर्क्स रामेश्वरपुर रोड लालपुर किच्छा के स्वामी अनिल सिंह ने कहा उसकी कंपनी ने सिडकुल बजाज वेंडर पार्क स्थित एलजी बालाकृष्णन फैक्ट्री को माल सप्लाई किया था। आरोप लगाया कि दिए गए माल का भुगतान मांगने पर फैक्ट्री के प्लांट हेड, फाइनेंस हैड, प्रोडक्शन हैड, मैनेजिंग डायरेक्टर व अन्य लोगों ने उसे गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया



पिथौरागढ़ : दानवीरा जसूली बुड़ी शोकयानी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज धारचूला में पूर्व शिक्षिका सुश्री नंदा रौतेला की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वरी देवी व पूर्व शिक्षिका सुश्री द्रोपदी गर्ब्याल ने संयुक्त तौर पर किया। वार्षिक उत्सव में मेहंदी नाटक, रंगोली, लोकगीत, ऐपण सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विजेताओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। शिक्षक गिरिधर रौतेला ने बताया कि उनकी बुआ सुश्री नंदा रौतेला के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्यों के लिए हमेशा याद की जाती है। उन्होंने 1939 से दन्या,अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जिले में विषम परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दी। परिजनों के द्वारा वार्षिक उत्सव के लिए विद्यालय को सहयोग दिया जाता है। प्रधानाचार्य महेश जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सुश्री नंदा रौतेला के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी कार्यक्रम का संचालन यशोदा सोनाल ने किया।इस दौरान पूर्व शिक्षिका भवानी गर्ब्याल, विमला गुंज्याल, बबीता रौतेला महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नंदा बिष्ट, शिक्षक धर्मराज भट्ट,हरि राम सुरेश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विधायक ने किया मार्ग निर्माण का शिलान्यास



रुद्रपुर : राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा रुद्रपुर में स्वीकृत बिंदुखेड़ा मंदिर चौराहे से सामिया लेक के पीछे तिराहे तक सीसी मार्ग के निर्माण का क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने शिलान्यास किया। विधायक अरोरा ने राज्य योजना से इस मार्ग का निर्माण स्वीकृत कराया है। कहा कि इस मार्ग के निर्माण से बिंदुखेड़ा और दानपुर क्षेत्र के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। निर्माण कार्य में पूरी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, इसके लिये ठेकेदार को निर्देशित किया। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, कावल सिंह, बीडीसी गुरबाज सिंह, कैलाश अग्रवाल, मंदीप वर्मा, कुंदन सिंह राठौर, पूरन भट्ट, बाबूराम, गुरचरण, जितेंद्र भूषण, जसपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, अमरीक सिंह, अजित सिंह, सुखवंत सिंह, जोगेंद्र सिंह, विमल मारवाह, गुरमीत सिंह, नरेश टम्टा, देवेंद्र बिष्ट, मधु, जया पांडेय, चंपा जोशी, दीपा मिश्रा, नेहा सिंह, शांति दैवी व अन्य लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 10 लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रपुर : तराई में यूपी से लाकर स्मैक बेचने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस ऐसे मामलों में अब तक कई आरोपियों को दबोच चुकी है। अधिकांश स्मैक की सप्लाई बरेली और बहेड़ी क्षेत्र से हो रही है। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को 73.12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शुक्रवार रात बाजपुर कोतवाली पुलिस को स्मैक की तस्करी की सूचना मिली। सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में कोतवाल प्रवीण कोश्यारी, एसआई प्रकाश चंद्र पुलिस टीम के साथ दोराहा रोड फ्लाईओवर के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे।

पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में उन्होंने अपना नाम ग्राम गुलरिया मीरगंज बरेली निवासी नदीम पुत्र अकबर अली और नरेश पाल पुत्र शिव चरण बताया। नदीम के पास से पुलिस को 41.02 ग्राम स्मैक और नरेश पाल के पास से 32.10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि वह बरेली से स्मैक खरीदकर बाजपुर क्षेत्र में बेचते हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया है। (एजेंसी)

# परीक्षा पर चर्चा से सीखा गुरु मंत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखकर परीक्षा में तनाव व भय को दूर करने, समय प्रबधंन तथा कार्य दक्षता बढ़ाने का गुरुमंत्र सीखा नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से परीक्षा में चर्चा के छठवे संस्करण में देशभर के छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों शिक्षकों व अभिभावकों के द्वारा परीक्षा से संबंधित प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि परीक्षा को पर्व के रूप में लेते हुए हम तनाव और भय को दूर रख सकते हैं।

उन्होंने छात्रों को सप्ताह में एक दिन डिजिटल फास्टिंग की सलाह देते हुए बताया कि हमें गैजेट पर निर्भरता को कम करके स्वयं की दक्षता बढ़ाने तथा स्वमूल्यांकन करने का मंत्र दिया। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुनने के बाद प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने सभी विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री की बातों को अपनी जीवन में उतराने की सीख दी।

## मगरौं के बोर्ड परीक्षा केंद्र बनने से अभिभावक खुश

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के जीआईसी मगरौं को उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाये जाने पर अभिभावकों और छात्रों ने खुशी जताई है। उक्त विद्यालय के छात्रों को पूर्व में बोर्ड परीक्षा देने कई किमी. दूर पौखाल इंटर कॉलेज में जाना पड़ता था। पूर्व में क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह ने शिक्षा विभाग से जीआईसी मगरौं को बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाने को कहा था। विद्यालय के प्रधानाचार्य एएस यादव ने बताया राइंका मगरौं को परीक्षा केंद्र बनाये जाने से क्षेत्र के छात्रों को सुविधा होगी। बैठक में पीटीए अध्यक्ष वीरेंद्र नेगी, भाजपा मंडल महामंत्री राकेश भट्ट, सत्य शरण चतुर्वेदी, शूरवीर सिंह कुमाईं, शैलेंद्र गैरोला, सुधीर सेमवाल, ममता मेवाड़, रेखा पंवार, मीना नेगी, जवाहर सिंह, जीत सिंह नेगी मौजूद थे। (एजेंसी)

# नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गीता ज्ञान यज्ञ समिति के तत्वाधान में नगर में भव्य गीता परिक्रमा शोभायात्रा निकाली गई।

यात्रा में महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। गीता उपदेश की झांकी यात्रा का आकर्षण रहीं। साथ ही यात्रा में भगवान कृष्ण की झांकियां भी दिखाई गई थी।

बतातें चलें कि समिति की ओर से तीन दिवसीय दिव्य गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विश्व विख्यात गीता मनीषी श्री स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज प्रवचन देंगे। इस दौरान राजेंद्र अंथवाल, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, वीरेंद्र सिंह रावत, अजय गुप्ता, हरीश नारंग, संदीप अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, विवेक अग्रवाल सहित कई लोगों ने शोभायात्रा में प्रतिभाग किया।

# आपदाओं को रोकने के उपाय की जानकारी जरूरी

रुड़की। आपदाओं को रोक पाना प्रत्यक्ष तौर पर हमारे हाथ में नहीं है लेकिन इनको रोकने के उपाय अपनाकर इनके दुष्प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आपदा को लेकर सतर्क और सजग रहना जरूरी है। इसके साथ आसपास के लोगों को भी सजग किया जाना चाहिए।

यह बात उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने आईआईटी रुड़की, उन्नत भारत अभियान और क्षेत्रीय समन्वय संस्थान ने साउथ एशिया एलायंस ऑफ डिजास्टर रिसर्च इंस्टिट्यूट के सहयोग से आपदा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।

आईआईटी में आयोजित कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में उन्होंने प्रतिभागियों को 10 से 12 फरवरी तक देहरादून में आयोजित होने वाली ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. केके पंत ने बादल फटने, जंगल में आग लगने सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख कर इनसे बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभागी संस्थाओं को प्रशिक्षित होने की आवश्यकता पर जोर दिया।

तीनों संस्थाओं के क्षेत्रीय समन्वयक प्रो. आशीष पांडेय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

प्रो. सुमित सेन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन चंदा कुमारी और देबलीना रॉय ने किया।

# टिहरी विस क्षेत्र को ओबीसी का लाभ देकर मुख्यधारा से जोड़ा जाए : किशोर

नई टिहरी : किशोर उपाध्याय की ओर से टिहरी विधानसभा को उत्तरकाशी और प्रतापनगर क्षेत्र की भांति ओबीसी में शामिल करने की मांग पर समाज कल्याण और उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने कार्रवाई की कवायद शुरू कर दी है। समाज कल्याण निदेशालय ने आयोग को इसका परीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में विधायक किशोर उपाध्याय का कहना है कि उत्तराखंड के लोग वनवासी हैं। हमारी आजीविका, संस्कृति और सभ्यता जल, जंगल पर निर्भर है। देश को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्तराखंड का अभूतपूर्व योगदान है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सीएम को शीर्ष 10 प्राथमिकता वाली योजना में ओबीसी मांग भी रखी है। उम्मीद है कि जल्द इस ओर कार्रवाई होगी। कहा कि टिहरी के लोगों ने राष्ट्र को ऊर्जा और पेयजल, सिंचाई के लिए अपनी जमीन, संस्कृति और परिसंपत्ति कुर्बान की है। अब उन्हें ओबीसी का लाभ देकर मुख्यधारा से जोड़ा जाना चाहिए।विदित है कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी विधायकों से अपने-अपने क्षेत्र की शीर्ष प्राथमिकता वाली 10 योजनाओं की सूची मांगी है। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने विभिन्न योजनाओं के साथ–साथ टिहरी विधानसभा को ओबीसी में शामिल करने की मांग भी इन दस शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा है। जिसे लेकर विधायक किशोर ने विभिन्न स्तरों पर पत्राचार शुरू किया है। जिसके सापेक्ष ओबीसी आयोग और समाज कल्याण विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। ओबीसी आयोग ने गत वर्ष जून में ही राष्ट्रीय ओबीसी आयोग ने किसी क्षेत्र को भौगोलिक आधार पर ओबीसी में शामिल करने सहित उत्तराखंड के तमाम प्रस्तावों पर राय मांगी थी। अब समाज कल्याण विभाग के उप निदेश-क जगमोहन सिंह कफोला ने राज्य ओबीसी आयोग को इस बाबत टिहरी क्षेत्र को ओबीसी में शामिल करने की मांग पर रिपोर्ट मांगी है।

## अवैध खनन में जेसीबी सीज

रुड़की। भिक्कमपुर पुलिस ने बाणगंगा में अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने अवैध खनन में लगी एक जेसीबी मशीन को चौकी लाकर सीज कर दिया।

शनिवार सुबह भिक्कमपुर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग अलावलपुर गांव के पास बाणगंगा में जेसीबी मशीन लगाकर अवैध खनन कर रहे है।

## सांसद खेल महोत्सव में केवी इंटर कॉलेज रहा आगे

रुड़की। हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास के साथ ही दुनिया में देश का मान बढ़ाया है।

उन्होंने दावा किया कि 2024 के संसद चुनाव में भाजपा पहले से भी अधिक सीटें जीतकर तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी। वह लक्सर में सांसद खेल महोत्सव में बोल रहे थे।

सांसद डॉ निशंक ने लक्सर के जमदग्नि पब्लिक स्कूल में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की। कहा कि भविष्य में युवाओं के कंधों पर देश संभालने की जिम्मेदारी आएगी। इस जिम्मेदारी के लिए भाजपा अभी से युवाओं को तैयार कर रही है। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अभूतपूर्व काम करके दिखाए हैं। इससे पूरी दुनिया में भारत के नाम का डंका बज रहा है।

# प्रमुख ने किया ओपन जिम का लोकार्पण, बोले युवाओं को मिलेगा लाभ

नई टिहरी : प्रतापनगर के ब्लाक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला ने प्रतापनगर के तिराहे में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पुरूस्कार की लगभग ढाई लाख की मद से निर्मित ओपन जिम का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ओपन जिम से युवाओं, बच्चों व स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। ब्लाक मुख्यालय में इस तरह की मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने का काम किया जा रहा है। लंबे समय से ब्लाक मुख्यालय प्रतापनगर में ओपन जिम के लिए युवाओं की मंशा सामने आ रही थी। जिसे लेकर प्रतापनगर के ब्लाक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला ने युवाओं की की भावनाओं को तरजीह देते हुए जिम का निर्माण करवाया है। जिससे प्रतापनगर



तिराहे की रौनक बढ़ने के साथ ही युवाओं के लिए एक ओपन जिम बन गया है। जिससे स्थानीय लोग खासे खुश हैं। युवाओं ने भी इसके लिए ब्लाक प्रमुख का आभार जताया है। लोकार्पण के मौके पर बीडीओ शाकिर हुसैन, बीडीसी मेंबर पुरूषोत्तम पंवार, प्रधान खोलगढ़ आरती देवी, गौतम लाल, गजेंद्र सिंह रावत, जेई नवीन विष्ट, मुकेश लाल व कंचन मौजूद रहे। (एजेंसी)

# राज्य स्तर के लिए 6 बाल वैज्ञानिक चयनित

## छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका

रुद्रप्रयाग : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा में जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के तीनों विकास खंडों के विभिन्न विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडल व प्रोजेक्ट के साथ प्रतिभाग किया। राज्य स्तर के लिए प्रथम 6 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी। बीपी सिमल्टी द्वारा बाल वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किये गए मॉडल व प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन विद्यालय स्तर पर भी किया जाना चाहिए। जिससे छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित की जा सके। इस प्रकार की सोच बच्चों में विकसित करने में मार्गदर्शक शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डाइट रतूड़ा की पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वाईएस रावत ने भी बाल वैज्ञानिकों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों ने उच्चस्तरीय मॉडल व प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। इसे पीछे शिक्षकों की महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि इंस्पायर अवार्ड को व्यापक प्रचार–प्रसार की आवश्यकता है। इसमें शिक्षकों के भी सहयोग की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य राइका रतूड़ा एससी त्रिपाठी ने नन्हे बाल वैज्ञानिकों के हुनर की प्रशंसा की। छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सृजनशील शिक्षक ही इस प्रकार के कार्यों के लिए छात्रों को प्रेरित करते है। इंस्पायर अवार्ड के जिला समन्वयक रमेश चंद्र मैठाणी व पीयूष शर्मी इंस्पायर अवार्ड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से बाल वैज्ञानिकों को अवगत कराया। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ सुबोध गैरोला कुमारी गरिमा, डॉ विनोद कुमार यादव ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक तकनीकी स्वयं करके आधारित विषय वस्तु को ध्यान में रखते हुए मॉडल प्रोजेक्ट बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता श्रीमती भुवनेश्वरी चंदानी ने किया। इस अवसर पर डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता एसबी डिमरी, आनंद प्रसाद, सती अनिल चौक, श्रीमती कांता भंडारी, राखी बिष्ट, श्रीमती रचना, पूरी आरती चौधरी। ब्लॉक समन्वयक पंकज भट्ट, पीयूष शर्मा, देवानंद गैरोला, अरविंद गैरोला, शीशपाल पंवार, डीपी पांडेय, आरसी चमोला, टीएस रावत, बीएस गुसाईं, एसएस राणा, संगीता राणा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## रस्सी से लटका मिला ग्रामीण का शव

रुड़की। लक्सर के दाबकी कलां गांव के 50 वर्षीय विजेंद्र पुत्र अतर सिंह की बीती रात मौत हो गई। उसका शव घर के एक कमरे में रस्सी से लटका हुआ मिला। सुबह शव देखने के बाद परिजनो से लक्सर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और शव को उतारकर कब्जे में ले लिया। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की भेज दिया गया है। बताया कि तीन साल पहले विजेंद्र की पत्नी की मौत हुई थी। तभी से वह डिप्रेशन में था। पुलिस के मुताबिक विजेंद्र ने आत्महत्या की है।

# सिमली बेस अस्पताल में ब्लड बैंक शुरू किया जाए

चमोली : ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक पंचायत प्रतिनिधियों ने सिमली बेस अस्पताल में संसाधनों को जुटाने एवं ब्लड बैंक की स्थापना किए जाने की मांग उठाई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पहाड़ के अस्पतालों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ संसाधन युक्त बनाया जाना चाहिए। ताकि यहां स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लोग मैदानी क्षेत्रों में पलायन न कर सके। इस दौरान प्रतिनिधियों ने बदहाल सड़क, पेयजल, बिजली, उद्यान, कृषि संबधी 25 शिकायतों को उठाया गया। लेकिन अधिकारियों की कम उपस्थिति के चलते अधिकतर शिकायतों को संबधित विभागों को रेफर कर दिया गया। ब्लाक प्रमुख चंद्रेश्वरी देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रतिनिधियों ने पिछली बैठक की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने पर चिंता जताई। बैठक में बदहाल बणसोली–कुंडडुंग्रा–समुल्टा–स्यान, कर्णप्रयाग–नैनीसैंण, सिमली–बेनीताल, सिमली–सेनू, ऐंड–सिरण मोटर मार्गों की स्थिति में सुधार न होने पर नाराजगी जताई। प्रमुख चंद्रेश्वरी देवी ने कहा कि बैठक की सूचना देने के बावजूद भी सक्षम अधिकारी बैठक में उपस्थित नही हुए है। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश बिष्ट ने कहा कि ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा बार–बार जेई बदलने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। ग्राम प्रधान एंड कुलदीप बिष्ट ने मांग रखी कि उद्यानीकरण के तहत इस प्रकार की पौध दी जाए जो वहां के जलवायु के अनुकूल हो और ग्रामीणों द्वारा उनसे प्राप्त फलों को बेचकर उनकी आर्थिक स्थिति को सही कर सके। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी एएस भाकुनी, बीडीओ डीएस रावत, सहायक पंचायत विकास अधिकारी एमएम नगवाल, प्रधान संघ के अध्यक्ष सुशील खंडूड़ी, महामंत्री गौतम मिंगवाल, कनिष्ठ उपप्रमुख अनीता सेमवाल, बीडीसी सदस्य अंजना देवी, एबीडीओ प्रकाश मैखुरी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पुनर्वास के लिए ढाक में निर्माण कार्य प्रगति पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए ढाक में निर्माण कार्य प्रगति पर है। केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रूडकी एवं आरडब्लूडी की देखरेख में ढाक में चिन्हित भूमि का समतलीकरण के बाद प्लिंथ लेवल का कार्य प्रगति पर है। यहां पर बिजली, पानी, सीवर आदि व्यवस्थाओं के लिए भी कार्रवाई आरंभ हो गई है।

सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रभावित परिवारों के तीक्ष्ण एवं पूर्ण क्षतिग्रस्त भवनों, विशेष पुनर्वास पैकेज की अग्रिम धनराशि, सामान ढुलाई व तात्कालिक आवश्यकताओं एकमुश्त विशेष ग्रांट और घरेलू सामग्री क्रय हेतु 623 प्रभावितों को 400.27 लाख की राहत धनराशि वितरित की गई है। आपदा प्रभावित 250 परिवारों के 902 सदस्यों को राहत शिविरों में रूकवाया गया है। राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, चिकित्सा इत्यादि मूलभूत सुविधाएं प्रभावितों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। वर्तमान तक राहत शिविरों में 1223 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। शीतलहर को देखते हुए राहत शिविरों में प्रभावितों के लिए हीटर, गरम कपडे, कंबल उपलब्ध कराए जा रहे है। सार्वजनिक स्थानों, चैराहों एवं राहत शिविरों के आसपास 20 स्थानों पर नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था की गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

रुड़की। संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई अता–पता नहीं लगा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की 26 जनवरी की सुबह उसकी 17 वर्षीय पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। काफी देर तक जब वह घर में नहीं दिखी तो परिजनों ने उसे आस–पड़ोस में तलाश किया। लेकिन वह नहीं मिली। परिजनों की चिंता बढ़ी तो उन्होंने उसे सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया। रिश्तेदारों में भी पता किया। लेकिन उसका कोई अता पता नहीं लग पाया।

# भंडारी के हटाने के विरोध में कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया प्रदर्शन

चमोली : चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष पद से रजनी भंडारी की बर्खास्तगी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा।

शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन कर डीएम हिमांशु खुराना को ज्ञापन सौंपा। सौंपे हुए ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली हार का बदला जिला पंचायत अध्यक्ष पद से रजनी भंडारी को हटा कर लिया जा रहा है। भाजपा सरकार में महिलाओं का अपमान किया जा रहा हैं। इस मौके पर अरविंद नेगी,



प्रदेश सचिव युद्धवीर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सजवाण, रैजा चौधरी, उषा रावत, सूर्य प्रकाश पुरोहित, सुमित असवाल, रविन्द्र नेगी, संदीप झिंक्वाण आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

रुड़की। शुक्रवार रात भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि खेलपुर गांव के समीप एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए शराब की बिक्री कर रहे युवक को पकड़ लिया।

# उत्तरकाशी की घटना को लेकर भीम आर्मी का प्रदर्शन

रुड़की। उत्तरकाशी के मोरी में मंदिर जाने पर दलित युवक को बंधक बनाकर पीटने के विरोध में भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिए जाने की मांग की। पीड़ित परिवार को 20 लाख का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई गई। हल्द्वानी में रेलवे भूमि विवाद में प्रभावित पीड़ितों को राहत प्रदान करने की मांग की।

भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह के नेतृत्व में जुलूस वाल्मीकि चौक से शुरू हुआ। स्टेट हाईवे से तहसील स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय में जुलूस पहुंचा। भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह ने कहा कि आज भी देश में दलितों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उत्तरकाशी के मोरी क्षेत्र की घटना इसका ताजा उदाहरण हैं। बीती 9 जनवरी को दलित युवक के साथ मारपीट और उसका शारीरिक उत्पीड़न केवल इसलिए किया गया क्योंकि उसने मंदिर में प्रवेश किया था। माता–पिता आरोपियों से बेटे को छोड़ने की गुहार लगाते रहे। लेकिन आरोपी पिता के सामने ही उसे बूरी तरह पीटते रहे। उन्होंने कहा कि इतने बड़े अपराध के बाद भी शासन प्रशासन की नींद नहीं टूटी। पीड़ित पर ही मकदमा दर्ज कर लिया गया। मामले में सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को बीस लाख का मुआवजा दिए जाने की मांग की।

भीम आर्मी ने एएसडीएम विजय नाथ शुक्ला के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में भीम आर्मी ने मांग की है कि हल्द्वानी के वनफूलपूरा में रेलवे के साथ भूमि विवाद मामले में लोगों को राहत दी जाए। उन्होंने कहा कि उस स्थान पर करीब 40 हजार की आबादी निवास करती है को कि कई दशकों से वहां रहा रहे हैं। इतना ही नहीं वहां कई सरकारी भवन और कई धार्मिक स्थल बने हैं। भीम आर्मी ने राष्ट्रपति से मांग की कि उन लोगों को वहां उजड़ने से बचाया जाए।

## महाराष्ट्र से ठगी कर फरार आरोपी पकड़े

रुड़की। नागपुर में एक महीने में पैसा डबल कर ठगी करने के दो आरोपियों को खानपुर पुलिस ने पकड़ लिया। उनके साथ दो और संदिग्ध भी कार में थे। आरोपियों के पास से ग्यारह लाख रुपये बरामद किए गए।

खानपुर पुलिस हरिद्वार और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे बालावाली बार्डर चेक पोस्ट पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान महाराष्ट्र नंबर के एक वाहन को रोककर चेक किया। वाहन में छुपा कर लाए जा रहे करीब 11 लाख रुपये बरामद किए। मामला संदिग्ध दिखने पर वाहन सवार लोगों से पुलिस ने पूछताछ की।

# हाट बाजार निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से किसानों में आक्रोश

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत रुद्रपुर पंचायत में हाट बाजार का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। शनिवार को जय श्री किसान स्वायत्त सहकारिता की बैठक में एक सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर तहसील मुख्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया।

रुद्रपुर में संपन्न हुई बैठक में जय श्री किसान स्वायत्त सहकारिता के सचिव नरेश चंद्र नौटियाल ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए नाबार्ड योजना के तहत पंचायत में ग्रामीण हाट बाजार का निर्माण किया जाना है। इसके लिए गांव में भूमि का चिह्नीकरण किया गया है। लेकिन चिह्नित भूमि पर 21 यूकेलिप्टस के पेड़ हैं, जिनके पातन के लिए ग्राम पंचायत की ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। बावजूद इसके तहसील प्रशासन की ओर से पेड़ों के पातन के लिए नीलामी तिथि घोषित नहीं की जा रही है, जिससे हाट बाजार का निर्माण कार्य अटका हुआ है। कहा कि हाट बाजार का निर्माण पूरा होने की अवधि 31 मार्च 2023 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि तक निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर किसानों को क्षति उठानी पड़ेगी। हाट बाजार निर्माण के लिए जय श्री किसान स्वायत्त सहकारिता को बैंक की ओर से दिए ऋण का ब्याज भी हर माह भरना पड़ रहा है, जिसे किसान अपनी जेब से दे रहे हैं। घर से ब्याज की राशि चुकाने के लिए किसानों को मजबूर कर दिया गया, जो किसानों का आर्थिक शोषण है। उन्होंने तहसील प्रशासन से जल्द पेड़ों का पातन करने की मांग करते हुए कहा कि एक सप्ताह में पातन नहीं होने पर सभी किसान तहसील मुख्यालय का घेराव करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष रामपाल सिंह तोमर,, वेदपाल पुंडीर, आनंद सिंह, सुमंत सिंह, सुरेश चंद्र, अजय कुमार, ऋषिराज सेमवाल, गुमान सिंह, घनश्याम, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डी0)महोदय, कोटद्वार गढ़वाल**

दीवानी वाद संख्या 74/2022
देवीदयाल सिंह पुत्र स्व0 जितार सिंह, निवासी ग्राम तेलीबाड़ा, पो0ओ0 किशनपुर, पट्टी हल्दूखाता, परगना भाबर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल

**-वादी**

**बनाम**

**आम जनता व अन्य**

हरगाह वादी ने अपने भाई राजेन्द्र सिंह पुत्र जितार सिंह निवासी ग्राम तेलीबाड़ा, पो0ओ0 किशनपुर, पट्टी हल्दूखाता, परगना भाबर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल की मृत्यु घोषणात्मक आज्ञप्ति चाहने बावत् माननीय सिविल जज (सी0डी0) कोटद्वार के न्यायालय में एक वाद योजित किया है, जिसमें आम जनता को प्रतिवादी बनाया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त मामले में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय में दिनांक 23-03-23 को हाजिर होकर अपना ऐतराज दाखिल कर सकता है।

आज दिनांक 28-01-2023 मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

दिनांक - 07-12-2022

**न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) कोटद्वार**

# ऑयल पुलिंग का तरीका, फायदे और इसके पीछे का वैज्ञानिक कारण

ऑयल पुलिंग एक पुराना आयुर्वेदिक उपचार है। इसमें तरह-तरह के तेलों का इस्तेमाल करके मुंह की समस्याओं का इलाज किया जाता है। एक शोध के अनुसार, अयल पुलिंग की मदद से मुंह को टार्टर और प्लाक जैसी कई परेशानियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। यह मुंह की गहराई से सफाई करने में भी सहायक है। आइए आज इसका तरीका, फायदे और वैज्ञानिक कारण जानते हैं।

**ऑयल पुलिंग करने का तरीका**

सबसे पहले नारियल, तिल या जैतून का एक बड़ी चम्मच तेल मुंह में डालें और 15 से 20 मिनट के लिए इसे अपने मुंह में चारों ओर घुमाएं। ध्यान रखें कि इसे निगलना नहीं है। इसके बाद तेल को थूक दें। इसे वश बेसिन, सिंक या टयलेट में थूकने से बचें क्योंकि इससे क्लगिंग हो सकती है। अंत में कुछ भी खाने से पहले अपने मुंह को पानी से धो लें।

किसी विशेषज्ञ की निगरानी में ही अयल पुलिंग करें। इसके अतिरिक्त छोटे बच्चों को इससे दूर रखें। दरअसल, अगर अयल पुलिंग को गलत तरीके से किया जाता है तो यह यूस्टेशियन ट्यूब और कान के मध्यम भाग को चोट पहुंचा सकता है। ध्यान रखें कि अयल पुलिंग करते समय तेल को निगलना नही है क्योंकि इससे सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**ऑयल पुलिंग के पीटे का विज्ञान**

अयल पुलिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल एंटी-अक्सीडेंट्स से युक्त होते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद कर सकते हैं। ये तेल कोशिका झिल्लियों की लिपिड परत को खींच लेते हैं और उनमें सुधार करते हैं।

**मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को कम करेगा तरीका**

मुंह पोषण के साथ-साथ बैक्टीरिया का भी प्रवेश द्वार है। बता दें कि 700 से अधिक प्रकार के बैक्टीरिया होते हैं, जो मुंह को अपना घर बना सकते हैं और अयल पुलिंग का तरीका उन्हें कम करने में मदद कर सकता है। 75 लोगों पर किए गए एक अध्ययन में अयल पुलिंग ने मुंह में हानिकारक बैक्टीरिया को काफी कम कर दिया था।

**मसूड़ों के स्वास्थ्य में कर सकता है सुधार**

मुंह में मौजूद टक्सिन्स मसूड़ों से जुड़ी कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इससे मसूड़ों में सूजन होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हालांकि, अयल पुलिंग प्रभावी रूप से आपको इस स्थिति से सुरक्षित रखने में मदद कर सकती है। मसूड़ों की सूजन से पीडिघ्त 60 व्यक्तियों के साथ किए गए एक अध्ययन से पता चला कि 30 दिनों तक अयल पुलिंग करने से उनकी स्थिति में सुधार हुआ।

**प्लाक और कैविटी से होता है बचाव**

प्लाक और कैविटी बच्चों से लेकर बड़ो होने वालीं आम समस्याएं हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, अयल पुलिंग की प्रक्रिया इन दोनों स्थितियों का इलाज करने में मदद कर सकती है क्योंकि यह मुंह में मौजूद बैक्टीरिया को कम करती है। यह आपकी लार में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को उसी तरह कम कर सकती है, जिस तरह माउथवश करता है।

# विपक्ष अभी मुद्दे तलाश रहा है

**राहुल गांधी ने जोखिम लेकर अपनी भारत जोड़ो यात्रा का स्वर और भंगिमा दोनों धर्मनिरपेक्ष रखा है। ध्यान रहे पिछले आठ साल में धर्मनिरपेक्षता को गाली की तरह बना दिया गया है। धर्मनिरपेक्ष होने का मतलब टुकड़े टुकड़े गैंग से होना और देशविरोधी होना माना जाता है। ऐसे समय में राहुल ने धर्मनिरपेक्षता का रास्ता चुना है तो इसका मतलब है कि वे भाजपा के हिंदुत्व के मुकाबले कोई वैकल्पिक नैरेटिव पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि उनकी भी यात्रा समाप्त होने जा रही है और अभी तक वह नैरेटिव सामने नहीं आया है। इसका कारण यह है कि राहुल जो बातें कर रहे हैं वह बहुत तक अकादमिक और अमूर्त सी हैं। हो सकता है कि आगे वे कोई ठोस एजेंडा पेश करें।**



**अजीत द्विवेदी**

भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व के मुकाबले विपक्ष के पास क्या है? हिंदुत्व बनाम क्या? क्या हिंदुत्व बनाम हिंदुत्व का खुला विरोध लोकसभा चुनाव का केंद्रीय मुद्दा हो सकता है? बिहार और उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टियों के नेता जैसी बयानबाजी कर रहे हैं उससे लग रहा कि वे मंदिर और धर्म की राजनीति से सीधी टक्कर लेने की तैयारी में हैं। लेकिन क्या बाकी पार्टियां इसी लाइन पर राजनीति करेंगी? यह लाख टके का सवाल है। भाजपा का चुनावी एजेंडा तय है। उसे हिंदुत्व के मुद्दे पर चुनाव लडना है। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में ऐलान किया कि एक जनवरी 2024 तक अयोध्या में भव्य राममंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। इसके थोड़े दिन के बाद राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से देश भर के पत्रकारों को अयोध्या बुला कर मंदिर निर्माण की प्रगति दिखाई गई। तभी यह तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा अयोध्या के राममंदिर को बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश करेगी। इसके साथ और भी मंदिर होंगे, जैसे काशी करिडोर है, महाकाल लोक है, विंध्यवासिनी मंदिर का करिडोर है आदि।

उम्मीद की जा रही है कि अगले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए को लागू करने के नियम बना लेगी। इसे चुनाव से ऐन पहले लागू किया जा सकता है। यह कानून पड़ोसी देशों से प्रताडिघ्त होकर आने वाले हिंदुओं और अन्य गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान करता है। इस कानून के सहारे नरेंद्र मोदी की छवि एकमात्र हिंदू रक्षक की बनेगी। जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने और मुस्लिम बहुल इस राज्य में हिंदू मुख्यमंत्री बनाने की योजना भी भाजपा के पास है। इसके अलावा हिजाब पर पाबंदी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आएगा। तीन तलाक का मसला निपट चुका है और अब अदालत में बहुविवाह और हलाला के मसले पर सुनवाई होगी। लव जिहाद रोकने के नाम पर भाजपा शासित सभी राज्यों में इस साल धर्मातरण रोकने का कानून लागू हो जाने की संभावना है। कई राज्यों ने कानून बना दिया है तो कई राज्यों ने इस पर विचार के लिए कमेटी बनाई है। समान नागरिक संहिता लागू करने के उपाय भी खोजे जा रहे हैं। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से ये सभी हिंदुत्व से जुड़े मुद्दे हैं।

अब देखिए कि इनके बरक्स विपक्ष के पास क्या है? असलियत यह है कि विपक्ष के नेता भाजपा के एजेंडे को समझ रहे हैं लेकिन उसका मुकाबला करने के लिए अपना केंद्रीय एजेंडा तय नहीं कर पा रहे हैं। कई विपक्षी नेता तो इसी चक्कर में हैं कि भाजपा की तरह ही हिंदुत्व की राजनीति करके चुनाव लड़ा जाए। हालांकि उनको निराशा हाथ लगेगी क्योंकि असली के रहते कोई बहुरूपिए को तरजीह नहीं देगा। कांग्रेस को यह बात समझ में आ गई है तभी पार्टी सफ्ट हिंदुत्व का रास्त छोड़ कर लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और उदार राजनीति के रास्ते पर लौटी है, जो पुरानी कांग्रेस का रास्ता रहा है। राहुल गांधी ने जोखिम लेकर अपनी भारत जोड़ो यात्रा का स्वर और भंगिमा दोनों धर्मनिरपेक्ष रखा है। ध्यान रहे पिछले आठ साल में धर्मनिरपेक्षता को गाली की तरह बना दिया गया है। धर्मनिरपेक्ष होने का मतलब टुकड़े टुकड़े गैंग से होना और देशविरोधी होना माना जाता है। ऐसे समय में राहुल ने धर्मनिरपेक्षता का रास्ता चुना है तो इसका मतलब है कि वे भाजपा के हिंदुत्व के मुकाबले कोई वैकल्पिक नैरेटिव पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि उनकी भी यात्रा समाप्त होने जा रही है और अभी तक वह नैरेटिव सामने नहीं आया है। इसका कारण यह है कि राहुल जो बातें कर रहे हैं वह बहुत तक अकादमिक और अमूर्त सी हैं। हो सकता है कि आगे वे कोई ठोस एजेंडा पेश करें।

कांग्रेस के बाद कांग्रेस की साझीदार या पहले साझीदार रही पार्टियों का एक ब्लक है। इसमें राष्ट्रीय जनता दल और समाजवादी पार्टी मुख्य है। राजद 40 लोकसभा सीट वाले बिहार की सबसे बड़ी पार्टी है और सपा 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी है। ये दोनों पार्टियां हिंदुत्व की राजनीति से हेडअन यानी सीधी टक्कर की तैयारी में हैं। राजद के नेता चंद्रशेखर और सपा के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का रामचरित मानस को दलित और पिछड़ा ठहराने वाला बयान इसी राजनीति का हिस्सा है। वे हिंदुत्व के मुकाबले जाति का नैरेटिव बना रहे हैं और हिंदुत्व की राजनीति के प्रतीकों को दलित व पिछड़ा विरोधी ठहरा रहे हैं।

इस बात को बिहार के एक दूसरे राजद नेता और राज्य सरकार के मंत्री आलोक मेहता के नए बयान में देखा जा सकता है। उन्होंने भगवान राम और अयोध्या के मंदिर के बाद उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े हिंदू प्रतीक योगी आदित्यनाथ को निशाना बनाया है। वह निशाना उनके कामकाज को लेकर नहीं है, बल्कि उनके पहनावे और उनकी आस्था को लेकर बनाया गया। आलोक मेहता ने कहा- जो मंदिरों में घंटियां बजाते थे आज शक्तिशाली पदों पर आसीन हैं, उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख लीजिए। उन्होंने आगे कहा कि जो 10 फीसदी उच्च जाति अंग्रेजों का एजेंट हुआ करती थी आज 90 फीसदी वंचित और पिछड़े समुदाय पर अधिकार चला रही है। ये दोनों बातें हिंदुत्व की राजनीति का कंट्रास्ट हैं। सो, कम से कम इन दो राज्यों की राजनीति का एजेंडा तो तय होता दिख रहा है। हिंदुत्व बनाम हिंदुत्व का खुला विरोध, जिसमें एक तरफ धर्म के प्रतीक हैं तो दूसरी ओर जाति के पुरोधा। अगड़ा और पिछड़ा की राजनीति इस एजेंडे में अंतर्निहित है।

जहां तक विपक्ष की अन्य पार्टियों का मामला है तो वे अभी अपना स्टैंड तय नहीं कर पाई हैं। वे दुविधा में हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को लग रहा है कि वे नरम हिंदुत्व की राजनीति से ही अपनी सीटें बढ़ा पाएंगी। पिछली बार धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण से भाजपा को 18 लोकसभा सीटें मिल गई थीं। विधानसभा में भी यह ध्रुवीकरण कायम रहा। भाजपा भले सिर्फ 77 सीट जीत पाई लेकिन उसका वोट उतना ही मिला, जितना लोकसभा में मिला था। इसी से ममता की चिंता बढ़ी है। उनको लग रहा है कि 38 से 40 फीसदी वोट के दम पर भाजपा फिर 18 या उससे ज्यादा सीट जीत सकती है। तभी उन्होंने आरएसएस, भाजपा और मोदी के प्रति नजरिया बदल दिया है। अब वे काफी नरम हो गई है, जिससे यह मैसेज है कि वे भाजपा के साथ मैनेज हो गई हैं। इससे उनको लग रहा है कि व्यापक हिंदू समाज उनके खिलाफ नहीं होगा और तब उनकी सीटें बढ़ जाएंगी।

विपक्ष का एक एजेंडा अस्मिता की राजनीति का है। ममता बनर्जी भी यह राजनीति कर सकती हैं और के चंद्रशेखर राव तो कर ही रहे हैं। चंद्रशेखर राव ने अपने राज्य में होने वाले चुनाव से पहले अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदल कर भारत राष्ट्र समिति कर दिया है। उसके बाद उन्होंने पिछले दिनों खम्मम में एक रैली की, जिसमें आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, सीपीएम आदि के सारे बड़े नेता जुटे। इस तरह उन्होंने अपने राज्य के लोगों को मैसेज दिया है कि अगर इस बार वे जीत कर तीसरी बार मुख्यमंत्री बनते हैं तो अगले साल देश के प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं। इस नैरेटिव का फायदा उनको निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव में मिलेगा और लोकसभा चुनाव में तो मिलेगा ही। ममता बनर्जी भी यह राजनीति कर सकती हैं, अगर वे यह नैरेटिव बनाएं कि वे पहली बंगाली हो सकती हैं, जो प्रधानमंत्री बने। बिहार में नीतीश कुमार भी यह राजनीति कर सकते हैं और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नवीन पटनायक भी ओडिघ्शा में ऐसा नैरेटिव बनवा सकते हैं। जिस राज्य में उप राष्ट्रीयता का भाव जितना प्रबल है वहां इस राजनीति के सफल होने की उतनी ज्यादा संभावना है।

# रोजगार पर गहरी मार




विकल्प यही है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को इस रूप में खड़ा करे, जिससे सर्विस एक्सपोर्ट पर इसकी निर्भरता घटे। साथ ही देश के अंदर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आधुनिक उद्योग धंधों का जाल भी बिटे।

यह खबर सचमुच परेशान करने वाली है कि अमेरिका में बड़ी टेक कंपनियों में जा रही नौकरियों का सबसे बड़ा शिकार वहां रहने वाले भारतीय हुए हैं। वैसे, ये बात तार्किक भी है कि इस उद्योग में जिस देश के लोगों की सबसे ज्यादा भागीदारी है, जब संकट आएगा, तो सबसे ज्यादा मार भी उन पर ही पड़ेगी। बहरहाल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि गूगल, फेसबुक आदि जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने लगभग दो लाख कर्मचारियों को हटा दिया है, जिनमें 80 हजार से अधिक भारतीय हैं। ये भारत ऐसे वीजा पर गए थे, जिनके तहत नौकरी ना रहने पर 60 दिन के अंदर उन्हें अमेरिका छोडना होगा। जाहिर है, उनमें से ज्यादातर को जल्द ही भारत लौटना होगा। आखिर जिस समय नौकरियां जाने का दौर है और इस वर्ष अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी ग्रस्त होने की आशंका गहराती जा रही है, नई नौकरियां मिलने की गुंजाइश को न्यूनतम ही है। अचानक नौकरी जाने से उनके पूरे पारिवारिक जीवन का ताना-बाना डगमगा जाएगा।

बहरहाल, वैश्वीत अर्थव्यवस्था में निहित यह अंतर्निहित जोखिम है। भारत जैसे देश, जिसने मैनुफैक्चरिंग और हाई टेक में अनुसंधान एवं विकास की अनदेखी की है, वहां के कुशल कर्मियों की रोजगार पाने की उम्मीद विकसित देशों से जुड़ी होती है। उन देशों में जो स्थिति पैदा होती है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है। इसका विकल्प यही है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को इस रूप में खड़ा करे, जिससे सर्विस एक्सपोर्ट पर इसकी निर्भरता घटे। साथ ही देश के अंदर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आधुनिक उद्योग धंधों का जाल भी बिटे। यह प्रयास ना करने का परिणाम भारतीय कारोबार की प्रतिस्पर्धा क्षमता में लगातार गिरावट आने के रूप में आया है, जिससे हाल के वर्षों में भारत को बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों से मुंह मोडना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर आपदा को अवसर बनाने का मंत्र देते हैं। तो अब अमेरिका में बनी स्थिति फिर एक ऐसा मौका है, जिसे उनकी सरकार चाहे, तो अवसर बना सकती है। लेकिन अभी तक सरकार को वास्तविक नजरिया रहा है, उसके बीच ऐसा होने की उम्मीद मजबूत नहीं है।

# नए राज्यपालों की नियुक्ति की तैयारी

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में फेरबदल की चर्चा के बीच अब राज्यपालों की नियुक्ति की चर्चा तेज हो गई। कई राज्यों में राज्यपाल, उप राज्यपाल और प्रशासक के पद खाली हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने इस्तीफे की पेशकश की है और कहा जा रहा है कि उनकी पेशकश स्वीकार कर ली जाएगी। जल्दी ही महाराष्ट्र को नया राज्यपाल मिलेगा। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का कार्यकाल भी पूरा हो गया। असम के राज्यपाल जगदीश मुखी का कार्यकाल पूरा हो गया है। मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक को रिटायर हुए कई महीने हो गए। असम और मेघालय सहित पूर्वोत्तर के चार राज्यों में कार्यकारी राज्यपाल के जरिए काम चल रहा है। पुड्डुचेरी सहित कई केंद्र शासित प्रदेशों में उप राज्यपाल और प्रशासक के पद प्रभारियों ने संभाले हुए हैं।

तभी चर्चा है कि संसद के बजट सत्र से पहले कुछ राज्यपालों की नियुक्ति हो सकती है। मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे दो दिन पहले ही राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने प्रधानमंत्र को चिाी लिख कर खुद को सभी राजनीतिक जिम्मेदारी से मुक्त करने को कहा है। वैसे भी उनको महाराष्ट्र से हटाने की तैयारी पिछले साल नवंबर से हो चल रही थी, जब उन्होंने छत्रपति शिवाजी को लेकर बयान दिया थ।बहरहाल, जानकार सूत्रों का कहना है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे दो दिन पहले ही राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने प्रधानमंत्र को चिाी लिख कर खुद को सभी राजनीतिक जिम्मेदारी से मुक्त करने को कहा है। वैसे भी उनको महाराष्ट्र से हटाने की तैयारी पिछले साल नवंबर से हो चल रही थी, जब उन्होंने छत्रपति शिवाजी को लेकर बयान दिया थ। बहरहाल, जानकार सूत्रों का कहना है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है। पिछले साल उनकी पार्टी पंजाब लोकहित कांग्रेस ने भाजपा से तालमेल करके चुनाव लड़ा था पर किसी को कोई फायदा नहीं हुआ। उसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया। उसी समय से उनको राज्यपाल बनाए जाने की चर्चा चल रही है।

पिछले साल उनकी पार्टी पंजाब लोकहित कांग्रेस ने भाजपा से तालमेल करके चुनाव लड़ा था पर किसी को कोई फायदा नहीं हुआ। उसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया। उसी समय से उनको राज्यपाल बनाए जाने की चर्चा चल रही है। हालांकि पहले कहा जा रहा था कि उनको पूर्वोत्तर के किसी राजभवन में भेजा जाएगा लेकिन अब चर्चा है कि वे महाराष्ट्र जा सकते हैं। ध्यान रहे महाराष्ट्र में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर है इसलिए वह सोच समझ कर नियुक्ति करेगी।कैप्टेन अमरिंदर सिंह के अलावा मध्य प्रदेश के भाजपा नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा के नाम की भी चर्चा है। कहा जा रहा है कि कैप्टेन या प्रभात झा में से कोई राज्यपाल बनेगा। झारखंड से भाजपा के एक नेता के नाम की चर्चा है तो बिहार से भी एक नेता को राजभवन भेजे जाने की खबर है। आनंदी बेन पटेल अगर काम करती रहती हैं तो गुजरात से किसी नए चेहरे को मौका नहीं मिलेगा। मध्य प्रदेश से प्रभात झा की चर्चा है उनके साथ साथ चुनाव वाले अन्य राज्यों से भी कुछ नेता राजभवन भेजे जा सकते हैं।

# एसबीएम-जी का लक्ष्य अरुचिकर कार्यों और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों से मुक्ति है

**सुश्री विनी महाजन**

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण एक जन-आंदोलन के रूप में इस विशाल देश के कोने-कोने में पहुंच गया है। इसने न सिर्फ लोगों के व्यवहार को बदल दिया है, बल्कि यह घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम भी बन गया है। स्वच्छ भारत मिशन, एक ऐसा प्रमुख कार्यक्रम जिसे स्वयं माननीय प्रधानमंत्री ने बढ़ावा दिया है, की उपलब्धियां रहीं हैं।

वर्तमान में चल रही यह प्रक्रिया सभी राज्य और जिला स्तरीय मशीनरी, विकास के भागीदारों, गैर सरकारी संगठनों, पंचायत के नेताओं और उन समुदायों के सहयोग से संभव हो पाई है जो स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत की भावना से अपने समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान देने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद रोधी आंदोलन के नेता और आधुनिक दक्षिण अफ्रीका के जनक, श्री नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, ष्जब तक महिलाओं को सभी प्रकार के उत्पीडनों से मुक्त नहीं दिलाई जाती, आजादी तब तक हासिल नहीं की जा सकती।ष कोई भी इस भावना से असहमत नहीं हो सकता। एक साल से अधिक समय से पेयजल और स्वच्छता विभाग में काम करने के दौरान, मुझे देश के दो प्रमुख कार्यक्रमों- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन- में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दोनों ही कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं और उन्हें अंतहीन अरुचिकर कार्य व बीमारियों से मुक्ति दिला रहे हैं।

इस गणतंत्र दिवस के मौके पर, खराब प्रथाओं और अस्वास्थ्यकर स्थितियों से मुक्ति की ओर इशारा करना उचित है, जिसके लिए एसबीएम-जी मिशन काम कर रहा है। जहां इस मिशन ने समाज के सभी वर्गों की स्वच्छता तक पहुंच संभव बनाई है, वहीं इस शगरीब-समर्थक और महिला-समर्थकश अभियान ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और कई स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्रदान करते हुए उन्हें शौच करने के लिए अंधेरा होने तक का इंतजार करने से भी टुटकारा दिलाया है।

दूसरी ओर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन एक कदम और आगे बढ़कर देश के पानी की कमी वाले इलाकों में रहने वाली ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान बन गया है। अब तक, एसबीएम-जी और एनजेजेएम के महान मिशनों के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया है और 10.90 करोड़ से अधिक घरेलू नल जल के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

इसके अलावा, एसबीएम-जी ने भारत को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 6.2 को प्राप्त करने की राह पर अग्रसर किया है, ताकि हाशिए पर रहने वाले लोगों, महिलाओं एवं लड़कियों, बेहद नाजुक परिस्थितियों में रहने वाले लोगों की जरूरतों पर विशेष ध्यान देते हुए वर्ष 2030 तक सभी के लिए सफाई व स्वच्छता तक पर्याप्त एवं समान पहुंच हासिल की जा सके और खुले में शौच की प्रथा का अंत किया जा सके। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों से लैस एसबीएम (जी) के कारण शौचालय का उपयोग 93.4 प्रतिशत है, जोकि खासतौर पर महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान करता है।

लाइटहाउस पहलरू एसबीएम-जी के साथ देश निश्चित रूप से सही रास्ते पर है, हालांकि अभी भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में निजी क्षेत्र की भूमिका को स्वीकार करते हुए और इस तथ्य को मानते हुए कि ष्स्वच्छताष हर किसी की जिम्मेदारी है, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) फिक्की के भारत स्वच्छता गठबंधन (आईएससी) के साथ सहयोग कर रहा है, जोकि एक बहु-हितधारक मंच है और भारत के गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) की स्थायी व्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए करपोरेट भागीदारों एवं विकास भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है। पहले चरण में, पंद्रह राज्यों में मडल या शलाइटहाउसश ग्राम पंचायतों का निर्माण करने का लक्ष्य है जो एसएलडब्ल्यूएम से संबंधित व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक लागू करेंगे जिन्हें हमारे सभी गांवों को ओडीएफ प्लस मडल बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश भर में आगे बढ़ाया जा सकता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023रू स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 भी चल रहा है। यह एक ऐसा सर्वेक्षण है जो एसबीएम-जी के प्रमुख मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों के आधार पर राज्यों और जिलों के प्रदर्शन के अनुरूप उन्हें वर्गीत करता है। एसएसजी 2023 का उद्देश्य एसबीएम-जी चरण द्वद्व में गांव, जिला और राज्य स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनाय ओडीएफ प्लस मडल गांवों के बारे में जागरूकता पैदा करनाय सहकर्मी सत्यापन के माध्यम से आकलन करना एवं सीखनाय ग्राम पंचायतों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना और सभी स्तरों पर विजेताओं को पहचानना है।

गति में तेजी लाने के लिए, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) ने विभिन्न प्रतिष्ठित अभियान भी आयोजित किए हैं, जिन्होंने काफी असर डाला है। उनमें से एक शरेट्रोफिट टू ट्विनपिट अभियान है जो मौजूदा सिंगल-पिट शौचालयों को ट्विन-पिट शौचालयों में रेट्रोफिट करके और सेप्टिक टैंक शौचालयों को एयर वेंट्स और सोख्ता गड्ढों से जोड़कर सरल ष्अन-साइटष तकनीकों को बढ़ावा देता है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण इलाके के घरों में मल के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता पैदा करना भी है।

सुजलाम 1.0 और 2.0 अभियानों के तहत, घरों और प्रतिष्ठानों में उत्पन्न गंदे पानी के प्रभावी शोधन के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया था। इस अभियान ने अपशिष्ट जल के न्यूनतम ठहराव को सुनिश्चित किया और गांव के तालाबों में इसके प्रवाह की संभावनाओं का पता लगाया। इन दोनों अभियानों के दौरान 23 मिलियन से अधिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया।

जहां तक गोबरधन का संबंध है, यह गांवों को अपने मवेशियों, षि और जैविक कचरे को सुरक्षित रूप से प्रबंधित करने तथा इसे स्वच्छ ईंधन एवं जैविक खाद में परिवर्तित करते हुए पर्यावरण स्वच्छता में सुधार लाने और वेक्टर जनित रोगों पर अंकुश लगाने में मदद करता है। इस संबंध में, भारत सरकार हर जिले को मवेशियों के गोबर और जैविक कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए तकनीकी सहायता और 50 लाख रुपये प्रति जिले तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। अब तक, देश भर में 500 से अधिक गोबरधन संयंत्र उपलब्ध हैं।

सूचना, शिक्षा एवं संचार ने जागरूकता फैलाने और एसबीएम-जी से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और शुरू से ही अधिकांश गतिविधियों ने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया है जिसके कारण समुदायों ने इन परियोजनाओं की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु इनका स्वामित्व अपने ऊपर ले लिया है। स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता दौड़, स्वच्छ भारत दिवस, स्वच्छता के लिए एकजुट भारत, ऐसी भागीदारी के उदाहरण हैं। यह देखते हुए कि एसबीएम-जी चरण द्वद्व को किफायती और कम लागत वाली व्यवहारिक तकनीकी उपायों की जरूरत है और जिसके लिए परिसंपत्तियों के निर्माण में विशेष कौशल की जरूरत है, क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बहुत ध्यान दिया जा रहा है।

मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रबंधन (एमएचएम) में जमीनी स्तर की पहल करने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने और राज्यों के बीच एकद्द दूसरे से सीखने की प्रक्रिया (क्रस-लर्निंग) को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में एमएचएम के बारे में ग्राम पंचायतों के लिए एक राष्ट्रीय फिल्म प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि ज्ञान, वर्जनाओं, कलंक, मासिक धर्म से संबंधित उत्पादों तक सीमित पहुंच और उपयोग किए गए सैनिटरी पैड के सुरक्षित निपटान तंत्र की कमी के कारण मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता चिंता का एक विषय बनी हुई है। एमएचएम के प्रति महिलाओं और लड़कियों को संवेदनशील बनाने से लड़कियों के स्वास्थ्य और उनके सम्मान में सुधार लाकर उनके स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोडने (ड्राप आउट) की दर को कम करने में काफी मदद मिलेगी।

इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर, मैं हमारे स्वच्छता योद्धाओं, ग्राम पंचायत के नेताओं और जिला और राज्य स्तर के पदाधिकारियों को सलाम करती हूं जिन्होंने हमारे गांवों में स्वच्छता की स्थिति में सुधार लाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। वे निस्संदेह भारत को एक स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र में बदलने के लिए एक पथप्रदर्शक के रूप में उभरे हैं।

**लेखिका जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग की सचिव हैं**

# ईशान किशन के सस्ते में आउट होने से दर्शक निराश



रांची । भारत और न्यूजीलैंड के बीच जेएससीए स्टेडियम रांची में आज खेले गए टी–20 मैच में लोकल ब्वॉय ईशान किशन के सस्ते में आउट हो जाने से दर्शकों में मायूसी छा गई।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान ओपनिंग करने आए लेकिन केवल 4 रन बनाकर ब्रेसवेल की गेंद पर आउट हो गए। पिछले वर्ष दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में इसी मैदान पर ईशान ने 93 रनों की शानदार पारी खेली थी। ईशान अब तक 25 टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेल चुके और कुल 633 बनाए है। टी–20 क्रिकेट तो उनका उच्चतम स्कोर 89 रन है तथा उनका औसत 26.38है। ईशान के गुरु और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी आज इस मैच को देखने के लिए मैदान में मौजूद रहे।

इस मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने रांची के जेएससीए स्टेडियम में कुल तीन टी–20 मुकाबले खेले हैं। इन तीनों मैच में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की है।भारत ने 12 फरवरी 2016 को श्रीलंका के खिलाफ यहां पहला टी–20 मुकाबला खेला था। उस मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 69 रन के बड़े अंतर से हराया था।

जेएससीए स्टेडियम में टी 20 का दूसरा मैच भारत ने अक्टूबर 2017 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला। इस मैच में भी टीम इंडिया को जीत मिली।

भारत ने तीसरे टी–20 मैच 19 नवंबर 2021 को खेला। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीत हासिल की।

# अंतर विभागीय टी—20 इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स सेमीफाइनल में



लखनऊ । मैन ऑफ़ द मैच रोहित (21 रन, 3 विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन से इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स ने आइडियल अंतर विभागीय टी–20 क्रिकेट लीग के पहले चर्टरफाइनल में इलेक्ट्रिकल लोको वारियर्स को 43 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 157 रन बनाये। मनीष झा (35) के अलावा कुलदीप यादव (24), रोहित (21), धर्म सिंह (19) और सुरेश भास्कर (16 नाबाद) रन का योगदान किया। जवाब में इलेक्ट्रिकल लोको वारियर्स निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 114 रन ही बना सका। टीम ने 28 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। आखिरी बल्लेबाज विपिन वर्मा (नाबाद 16) ने सर्वाधिक रन बनाये।

इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स से रोहित ने और रामदेव सिंह ने 3–3 विकेट हासिल किये। प्रशांत यादव, सचिन कुमार व सौरभ को एक–एक विकेट मिले।



# नीदरलैंड को हराकर बेल्जियम फाइनल में

भुवनेश्वर । गत विश्व चैंपियन बेल्जियम ने तारीख के पन्नों को पलटते हुए एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के सांस रोक देने वाले सेमीफाइनल में गत उपविजेता नीदरलैंड को शूटआउट में 3–2 (फुल टाइम 2–2) से मात दी।

कलिंगा स्टेडियम पर हुई इस कांटे की टक्कर में जिप जैनसेन (11वां, 35वां मिनट) ने नीदरलैंड के दोनों गोल किये, जबकि बेल्जियम के गोल टॉम बून (26वां) और निकोलस करपेल डे (44वां मिनट) ने जमाये। शूटआउट में फ्लोरेंट ऑबेल वान, आर्थर डी स्लूवर और विक्टर वेग्नेज़ ने बेल्जियम के लिये गोल किये, जबकि नीदरलैंड की ओर से जॉरिट क्रून और जोनस डी ग्यूस ही गेंद को नेट में पहुंचा सके।

चार साल पहले विश्व कप 2018 के फाइनल में जब यह दोनों टीमें भिड़ी थीं तब भी बेल्जियम ने नीदरलैंड को शूटआउट में परास्त किया था।

पिछले दो विश्व कपों की उपविजेता और विश्व कप 2010 की कांस्य पदक विजेता नीदरलैंड को विश्व कप उठाने के लिये और इंतजार करना होगा। बेल्जियम लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने के लिये रविवार को होने वाले फाइनल में जर्मनी का सामना करेगी।

# ऑटो चालक पापा की बिटिया दिल्ली अंडर—15 टीम का कर रही है प्रतिनिधित्व



नई दिल्ली, प्रतिभा कभी भी परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती है और वो अपना रास्ता बना ही लेती है। भारतीय खेल जगत में ऐसे कई खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपनी प्रतिभा और मेहनत के बूते सफलता हासिल की और देश का नाम रोशन किया। ऐसी ही एक महिला क्रिकेटर अंजली वत्स हैं जो अभी दिल्ली अंडर–15 महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं ।दिल्ली की अंजली वत्स के लिए सब कुछ बहुत आसान नहीं था, लेकिन उनके अंदर क्रिकेट के लिए जो जज्बा था उसके दम पर उन्होंने दिल्ली की अंडर–15 टीम में जगह बनाई और आगे उनका इरादा देश के लिए खेलने का है। दैनिक जागरण से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विराट कोहली उनके फेवरेट क्रिकेटर हैं, लेकिन जसप्रीत बुमराह को देखकर वो गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित हुईं।

**पिता को बताई अपने मन की बात**

अंजली ने कहा कि उन्हें लगा कि वो गेंदबाजी कर सकती हैं और इसके बाद उन्होंने अपने मन की बात अपने पिता को बताई जिन्होंने अंजली के सपनों को उड़ान देने के लिए हर वो प्रयास किए जो एक पिता कर सकते हैं।अंजली के पिता मनोज कुमार ऑटो चालक हैं और उन्होंने बताया कि वो जब 11 साल की थीं तब उसने कहा कि वो क्रिकेट खेलना चाहती है और मैंने उनकी बात का सम्मान करते हुए उसे आगे बढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में कोई क्रिकेट नहीं खेलता, लेकिन अंजली में कुछ खास था। इसके बाद उन्होंने अंजली को ट्रेनिंग के लिए गुरप्रीत सिंह हैरी के पास लेकर गए।

# महिला अधिकारियों की देखरेख में होगा महिला टी—20 विश्वकप



जोहांसबर्ग । दक्षिण अफ्रीका में 10 फरवरी से शुरू होने वाला महिला टी20 विश्व कप पहली बार पूरी तरह से महिला अधिकारियों की देखरेख में खेला जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी–20 विश्वकप के लिये तीन मैच रेफरी और दस अंपायरों के पैनल की घोषणा की हैं जिसमें सात देशों की अधिकारी शामिल हैं। भारत की जीएस लक्ष्मी, दक्षिण अफ्रीकी की शैंड्रे फ्रिट्ज और श्रीलंका की मिशेल परेरा को मैच रेफरी बनाया गया है जबकि ऑन–फील्ड और टीवी अंपायर सू रेडफर्न (इंग्लैंड), एलोइस शेरिडन (ऑस्ट्रेलिया), क्लेयर पोलोसाक (ऑस्ट्रेलिया), जैकलीन विलियम्स (वेस्टइंडीज), किम कॉटन (न्यूजीलैंड), लॉरेन एजेनबाग (दक्षिण अफ्रीका), अन्ना हैरिस (इंग्लैंड), वृंदा राठी (भारत), एन जननी (भारत) और निमाली परेरा (श्रीलंका) होंगी।

आईसीसी के एक बयान में कहा है कि पैनल का चयन आईसीसी की क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी को आगे बढ़ाने की रणनीतिक महत्वाकांक्षा का एक हिस्सा है।

आईसीसी के महाप्रबंधक क्रिकेट वसीम खान ने कहा,महिला क्रिकेट हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ रहा है और हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि अधिक महिलाओं को उच्चतम स्तर पर कार्य करने का अवसर मिले। यह घोषणा हमारे इरादे और इच्छाशक्ति को दर्शाता है। हम महिला मैच अधिकारियों का समर्थन जारी रखने और वैश्विक मंच पर उन्हे अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गौरतलब है कि महिला टी20 विश्व कप का आठवां संस्करण दस फरवरी को मेजबान दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच मैच से शुरू होगा। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ग्रुप ए में बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और दक्षिण एरिका के साथ है जबकि ग्रुप बी में इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। मैच केप टाउन, गेकबेर्हा और पार्ल में खेले जाएंगे और फाइनल 26 फरवरी को न्यूलैंड्स में होगा।

## फिल्मी सफर

# गदर 2 से सनी का फर्स्ट लुक रिलीज, हथौड़ा लिए गुस्से में नजर आए तारा सिंह




सनी देओल भले ही पहले की तरह फिल्मों में सक्रिय ना हो, लेकिन दर्शकों के बीच उनका जलवा बरकरार है। पिछले कुछ समय से वह फिल्म गदर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। गदर के बाद गदर 2 से भी दर्शकों को बड़ी उम्मीदें हैं। आज यानी गणतंत्र दिवस के मौके पर फिल्म से सनी ने अपना फर्स्ट लुक भी प्रशंसकों के साथ शेयर कर दिया है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

गदर 2 से सनी की झलक पहले भी सामने आई थी, लेकिन अब सनी ने अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म से अपना पहला पोस्टर प्रशंसकों के साथ साझा कर दिया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सनी ने कैप्शन में लिखा, हिन्दुस्तान जिंदाबाद है... जिंदाबाद था... और जिंदाबाद रहेगा। इस स्वतंत्रता दिवस हम दो दशक बाद बॉलीवुड का सबसे बड़ा सीक्वल लेकर आ रहे हैं। गदर 2 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल भी 11 अगस्त को रिलीज होगी, वहीं आलिया भट्ट की पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन भी इसी दिन आएगी। हालांकि, यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 15 अगस्त को निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वार आ रही है।

पोस्टर में कुर्ता–पायजामा और सिर पर पगड़ी पहने सनी उर्फ तारा सिंह गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में सकीना का हाथ नहीं, बल्कि बड़ा सा हथौड़ा है और उनकी आंखों में वही आग दिख रही है, जो गदर में दिखी थी। प्रशंसकों के मुताबिक, उनके लिए गणतंत्र दिवस पर इससे बेहतर तोहफा कोई नहीं हो सकता। एक ने लिखा, वाह! छा गए पाजी। दूसरे ने लिखा, अब मचेगा सिनेमाघरों में गदर। एक ने लिखा, ब्लॉकबस्टर है पाजी।

सनी ने 2021 में दशहरे के मौके पर गदर 2 का ऐलान किया था। इस फिल्म का निर्देशन भी अनिल शर्मा ही कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, जहां पिछली बार तारा सिंह ने अपनी पत्नी सकीना (अमीषा पटेल) को वापस लाने के लिए सरहद पार की थी, वहीं इस बार वह बेटे की सलामती के लिए सरहद पार करेगा। फिल्म में तारा के बेटे के किरदार में उत्कर्ष शर्मा दिखेंगे, जिन्होंने गदर में भी यह भूमिका निभाई थी।

गदरः एक प्रेमकथा एक पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन अनिल शर्मा ने किया था। फिल्म में सनी, अमीषा पटेल और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में दिखे थे। इसकी गिनती बॉलीवुड की बेहतरीन फिल्मों में होती है। यह फिल्म 1947 में हुए भारत विभाजन की कहानी पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक मुस्लिम लडक़ी और एक पंजाबी लडक़े का प्यार सरहदों से परे जाकर अपनी मंजिल चुनता है। यह फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है।

### हंसल मेहता की फराज का ट्रेलर जारी, 3 फरवरी को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म

फिल्ममेकर हंसल मेहता ने अपनी आगामी फिल्म फराज का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो 2016 के बांग्लादेश आतंकवादी हमलों पर आधारित है। इस फिल्म से शशि कपूर के पोते जहान कपूर बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। फिल्म को अनुभव सिन्हा भी प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म फराज 3 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म भूषण कुमार और मजाहिर मंदसौरवाला द्वारा निर्मित है।

इस फिल्म में ढाका के होली आर्टिसन कैफे में हुए आतंकवादी हमले को दिखाया जाएगा, जिसने 1 जुलाई, 2016 को बांग्लादेश को हिलाकर रख दिया था। उग्रवादियों ने कैफे पर हमला कर डिनर कर रहे लोगों को 12 घंटे तक बंधक बनाए रखा और उसके बाद एक–एक कर कत्ल कर दिया।

# मिशन मजनू का ओटीटी पर बजा डंका, नेटफ्लिक्स पर भारत में नंबर एक फिल्म बनी

सिद्धार्थ मल्होत्रा हाल ही में फिल्म मिशन मजनू में दिखे थे। इस फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म में देशभक्ति की कहानी दिखाई गई थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर धमाल मचा रही है। यह भारत में नेटफ्लिक्स पर नंबर–1 और वैश्विक स्तर पर नेटफ्लिक्स पर नंबर–2 गैर अंग्रेजी फिल्म बन गई है। फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इस खबर से सिद्धार्थ की खुशी का ठिकाना नहीं है। नेटफ्लिक्स पर जब से मिशन मजनू रिलीज हुई है, इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म को रिलीज हुए अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ और यह भारत में नेटफ्लिक्स पर नंबर–1 और वैश्विक स्तर पर नंबर–2 गैर अंग्रेजी फिल्म बन गई है। यह नेटफ्लिक्स पर भारत, कनाडा, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका समेत 18 देशों में शीर्ष–10 फिल्मों की सूची में ट्रेंड कर रही है। इस खबर से सिद्धार्थ सातवें आसमान पर हैं। सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं खुश और उत्साहित होने के साथ दर्शकों का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने हमारी इस फिल्म को इतना प्यार दिया। दर्शक मेरी फिल्म से जुड़ पाए हैं। उन्हें यह पसंद आई है। एक एक्टर होने के नाते मेरे लिए इससे ज्यादा खुशी की बात कोई नहीं हो सकती। उन्होंने लिखा, मिशन मजनू को दुनियाभर के दर्शक देख रहे हैं। पहले ही हफ्ते में यह नेटफ्लिक्स पर वैश्विक स्तर पर ट्रेंड कर रही है, जो असामान्य है। मिशन मजनू की कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। फिल्म में सिद्धार्थ के अभिनय की तारीफ हुई है। इसमें उनकी जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। शांतनु बागची ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। रॉनी स्क्रूवाला, अमर



बुटाला और गरिमा मेहता ने मिलकर इसे बनाया है। सिद्धार्थ–रश्मिका के अलावा कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी इसमें अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 20 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई थी। सिद्धार्थ जल्द ही एक्शन और रोमांच से लबरेज फिल्म योद्धा में नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी प्लेन क्रैश से जुड़ी है। इसे एक सच्ची घटना से प्रेरित बताया जा रहा है। योद्धा सिनेमाघरों में इस साल 7 जुलाई को आएगी। सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी अहम भूमिका में हैं।

# स्प्लिट्सविला फेम साउंडस मौफकीर कंटीन्यूटी से करेंगी एक्टिंग डेब्यू



स्प्लिट्सविला और रोडीज के बाद साउंडस मौफकीर को फिल्म कंटीन्यूटी में रोमा का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। उन्होंने दीपक सिंह की अगली परियोजना के माध्यम से एक अभिनेता के रूप में अपनी शुरूआत करने की बात कही। मोरक्को की रहने वाली साउंडस ने रियलिटी शो रोडीज में हिस्सा लिया था और फिलहाल वह डेटिंग बेस्ड रियलिटी शो ह्यस्प्लिट्सविला एक्स4 का हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा, यह काफी सुखद आश्चर्य था जब सर ने मुझे इस फिल्म की पेशकश की, और मैंने हां कहने में एक पल भी नहीं लगाया। मैं ह्यकंटीन्यूटी में अपने लिए एक मानक स्थापित करना चाहती हूं। उन्होंने कहा, मुझे अपने स्टाइल और पोशाक के साथ पर्दे पर देखना सपना सच होने जैसा लगता है। मुझे यकीन है कि लोगों को यह किरदार पसंद आएगा। मैं एक पंजाबी लडक़ी की भूमिका निभा रही हूं, जो अपनी जिंदगी के प्यार के लिए रोमांस और लड़ाई कर रही है।वह फिल्म में रोमा की भूमिका निभाएंगी जो एक अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली परियोजना होगी। साउंडस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फेस्टिवल फिल्म के सेट से कई तस्वीरें भी साझा कीं और उन्हें कैप्शन दिया, ह्यकंटीन्यूटीह्ल जल्द ही आपकी स्क्रीन पर। रोमा, एक ऐसा चरित्र जो मैं हूं उससे बहुत अलग है। इस अवसर के लिए धन्यवाद दीपक सिंह।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com